● सीधी, सिंगरौली ,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 290, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार , 07 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



केवल हमारी भूमिकाएं बदल गई है : फडणवीस 5

टेस्ट का पहला दिन आस्ट्रेलिया के नाम 6

## स्थानीय उद्योगों को मिलेगी प्राथमिकता : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम क्षेत्र के उद्योगपतियों से उज्जैन से किया वर्चुअल संवाद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 7 दिसंबर को नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से पहले नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल के उद्योगपतियों से उज्जैन से वर्चुअल संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश में उद्योगपतियों का स्वागत है। हमारी मंशा है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में सबसे पहले स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिले और वर्तमान में संचालित उद्योगों का विस्तार करने में सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं।



मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि उद्योगपतियों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा, उद्योगपतियों की सहायता से ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है और रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं। आप सभी आगे आएं, नए उद्योग स्थापित करें और युवाओं को रोजगार देकर प्रदेश के विकास में सहभागी बनें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारा प्राथमिक उद्देश्य है कि सबसे पहले स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिले। इसके बाद राज्य, राष्ट्रीय और अंततः अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगपतियों को अवसर दिया जाएगा। आरआईसी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, और इसे हमने बहुत बेहतर तरीके से क्रियान्वित किया है।

मुख्यमंत्री ने वीसी से नर्मदापुरम के कई उद्योगपतियों से चर्चा की। उन्होंने हरदा के राइस मिल मालिकों से अपने उद्योगों का विस्तार करने का आग्रह किया और मूंग दाल मिल के मालिक जसप्रीत सिंह से कहा कि उनके पास अतिरिक्त मूंग हो तो उसे उज्जैन के व्यापारियों को भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने एमएसएमई के माध्यम से उद्योग शुरू करने वाली ज्योति अग्रवाल और कैटल फीड इंडस्ट्री के मालिक श्री नरेंद्र सिंह तोमर की सफलता की सराहना की।

निर्मल मसाला इंडस्ट्री के श्री राजपूत ने बताया कि उनकी मसाला मिल 42 प्रकार के मसालों का उत्पादन करती है, जो 12 जिलों में वितरित किए जाते हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, आपके मसाले एमडीएच मसालों की तरह प्रसिद्ध हों, ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदापुरम क्षेत्र में कृषि उत्पादन और खाद्य प्र-संस्करण के साथ अन्य सेक्टर में भी अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने उद्योगपतियों से अपील की कि वे अपने मौजूदा व्यवसायों के साथ नए उद्योग क्षेत्रों में भी निवेश करें। उन्होंने कहा, हमारी सरकार उद्योगपतियों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आपके सहयोग से ही क्षेत्रीय विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि नर्मदापुरम के बाद जनवरी में शहडोल में भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जायेगी। इन सम्मेलनों की कड़ी 2025 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट तक पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने हाल ही में अपने यूके और जर्मनी दौरे का भी उल्लेख किया, जिसके माध्यम से प्रदेश को 78,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ है।

## पूर्वोत्तर का सामर्थ्य देखेगी दुनिया : पीएम

### पीएम मोदी ने किया अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली आज पूर्वोत्तर मय हो गई है। पूर्वोत्तर के विविध रंग राष्ट्रीय राजधानी में एक सुंदर इंद्रधनुष बना रहे हैं। पहले अष्टलक्ष्मी महोत्सव में तीन दिन तक पूर्वोत्तर का सामर्थ्य पूरा देश और विश्व देखेगा। यहां व्यापार-कारोबार से जुड़े समझौते होंगे। पूर्वोत्तर के उत्पादों से दुनिया परिचित होगी। यह पहला और अनोखा आयोजन है। इसमें बड़े स्तर पर पूर्वोत्तर में निवेश के द्वार खुल रहे हैं। यह पूर्वोत्तर के साथ ही दुनिया भर के निवेशकों के लिए बेहतरीन अवसर है। मैं अष्टलक्ष्मी महोत्सव के आयोजकों को, पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के निवासियों को और यहां आए सभी



निवेशकों और अतिथियों को बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 100-200 साल में हमने पश्चिम की दुनिया का एक उभार देखा। आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक हर स्तर पर दुनिया में पश्चिमी क्षेत्र की छाप रही। भारत में भी पश्चिमी क्षेत्र ने देश की विकास यात्रा में बड़ी भूमिका निभाई है। अब कहा जाता है कि 21वीं सदी पूर्व की है। एशिया की है और भारत की है। ऐसे में मुझे विश्वास है कि भारत में भी आने वाला समय पूर्वी भारत का है। बीते दशकों में हमने बंगलूरू, मुंबई, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई जैसे बड़े शहरों को उभरते देखा है। आने वाले दशकों में हम अगरतला, गुवाहाटी, गंगटोक, आइजोल, शिलांग, ईटानगर, कोहिमा जैसे शहरों का नया सामर्थ्य देखने वाले हैं। इसमें अष्टलक्ष्मी जैसे आयोजनों की बहुत बड़ी भूमिका होगी। पीएम ने कहा कि अष्टलक्ष्मी महोत्सव पूर्वोत्तर के बेहतर भविष्य का उत्सव है। ये विकास के नूतन सूर्योदय का उत्सव है, जो विकसित भारत के मिशन को गति देने वाला है। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम पूर्वोत्तर के आठों राज्यों में अष्टलक्ष्मी के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में हैं।

## किसानों को रोकने पर राहुल गांधी ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच कर रहे किसानों को रोके जाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने कहा कि उनपर आंसू गैस के गोले दागना और उनको निंदनीय है। किसान सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखने और अपनी पीड़ा को व्यक्त करने के लिए दिल्ली आना चाहते हैं। उनपर आंसू गैस के गोले दागना और उन्हें तरह-तरह से रोकने का प्रयास करना निंदनीय है। सरकार को उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए।



राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि किसान सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखने और अपनी पीड़ा को व्यक्त करने के लिए दिल्ली आना चाहते हैं। उन पर आंसू गैस के गोले दागना और उन्हें तरह-तरह से रोकने का प्रयास करना निंदनीय है। सरकार को उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए। उन्होंने लिखा कि अन्नदाताओं की तकलीफ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज देश में हर घंटे एक किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। मोदी सरकार की घोर असंवेदनशीलता के कारण पहले किसान आंदोलन में 700 से अधिक किसानों की शहादत को भी देश नहीं भूला है। हम किसानों की पीड़ा को समझते हैं और उनकी मांगों का समर्थन करते हैं। एमएसपी की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन आयोग की सिफ़ारिशों के अनुसार खेती की व्यापक लागत का 1.5 गुना एमएसपी, कर्ज माफी समेत तमाम मांगों पर सरकार को तुरंत अमल करना चाहिए। अंत में उन्होंने लिखा कि जब अन्नदाता खुशहाल होंगे तभी देश खुशहाल होगा।

## प्रदेश में औद्योगीकरण की चल रही बयार : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम में 7 दिसम्बर को प्रदेश की छठवीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में दिए टीवी संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश में औद्योगीकरण की बयार चल रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में महिला, युवा, किसान सबकी बेहतरी के लिए हम रोजगार के अवसर तलाश रहे हैं। इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। प्रदेश में संभाग स्तर पर निरंतर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो रही हैं।

## महाराष्ट्र में अगले हफ्ते कैबिनेट विस्तार संभव

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक दिन पहले ही नई सरकार का गठन हुआ है। जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री के तौर पर एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने शपथ ली है। वहीं नई सरकार के गठन के बाद अगला सवाल ये था कि राज्य की देवेंद्र सरकार का कैबिनेट विस्तार कब होगा। इसे लेकर अब तारीख भी सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार, राज्य में अगले हफ्ते 11 और 12 दिसंबर को कैबिनेट विस्तार हो सकता है। महाराष्ट्र कैबिनेट में अभी सिर्फ तीन ही लोग हैं। जबकि राज्य कैबिनेट में मुख्यमंत्री के साथ ज्यादा से ज्यादा



कुल 34 मंत्री हो सकते हैं।

सूत्रों ने बताया है कि पूरी संभावना है कि अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के पास वित्त विभाग और भाजपा के पास गृह विभाग रह सकता है, जैसा कि पिछली एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में था। जबकि शिवसेना के सूत्रों की मानें तो शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना शहरी विकास विभाग अपने पास रखेगी और राजस्व विभाग भी उसे मिल सकता है। वहीं महायुति गठबंधन के सबसे बड़े घटक भाजपा को 21-22 मंत्री पद मिलने की उम्मीद है। जबकि शिवसेना को 11 से 12 मंत्री पद और एनसीपी को नौ से 10 मंत्री पद मिल सकते हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि शपथ लेने वाले मंत्रियों की संख्या पर अंतिम फैसला एक या दो दिन में लिया जाएगा। नवनिर्वाचित विधायकों को शनिवार से शुरू होने वाले विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र में प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोलंबकर शपथ दिलाएंगे।

## प्रयागराज में छात्रों और शिक्षकों में मारपीट

**झूंसी ( प्रयागराज )।** झूंसी थाना क्षेत्र के पटेलनगर गांव स्थित कामता सिंह गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को एलएलबी के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा से पहले प्रवेश करने के दौरान छात्रों और शिक्षकों के बीच जमकर मारपीट हुई। कॉलेज के प्रबंधतंत्र का आरोप था कि आरोपी छात्र रोहित यादव जवरन आंसर की सीरिज और मोबाइल लेकर प्रवेश कर रहा था। छात्र रोहित को रोका गया तो मारपीट और गालीगलौज शुरू कर दिया। उधर, छात्र का आरोप था कि कॉलेज के शिक्षक परीक्षा देने के लिए सुविधा शुल्क मांग रहे थे, नहीं दिया तो मारपीट करने लगे।

## राज्यसभा में कांग्रेस सांसद की सीट से मिली नोटों की गड्डी

### जांच की मांग पर सदन में जमकर हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद के उच्च सदन राज्यसभा में नोटों की गड्डी मिलने की खबर के बाद जमकर हंगामा हुआ। नोट गुरुवार को कांग्रेस सांसद की सीट से मिले हैं। कार्यवाही के बाद सदन की जांच के दौरान ये गड्डी बरामद हुई है। अब इसकी जांच की मांग की जा रही है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने कहा कि यह घटना सामान्य नहीं है और ये सदन की गरिमा पर चोट है। सभापति को घटना की जांच करानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और पीयूष गोयल ने भी मामले की जांच की बात कही। मामले में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि कांग्रेस का मानना है कि यह अदाणी मामले से ध्यान भटकाने की चाल है। अगर कोई जेब में 50,000 रुपये लेकर जा रहा है तो यह कोई अपराध नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की है और इस मामले की किसी एजेंसी से जांच कराने या इस पर जेपीसी गठित करने का अनुरोध किया है।

## किसानों का कल्याण हमारी प्रतिबद्धताः शिवराज

**नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एमएसपी दरों को बढ़ाने और इन दरों पर फसलों की खरीद सुनिश्चित करने के लिए सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। वहीं एमएसपी के बारे में राज्यसभा में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा, %एमएसपी तय प्रदान किया जाता है जब फसलें एमएसपी से कम दरों पर बेची जाती हैं। मैं आपको आश्वस्त करना



चाहता हूं कि किसानों का कल्याण हमारी प्राथमिकता है। हमने एमएसपी बढ़ाने और एमएसपी दरों पर फसल खरीदने की दिशा में काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में किसानों के लिए बजट आवंटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है। पिछले 10 वर्षों में कृषि के लिए बजट में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि हुई है। मोदी सरकार दूरदर्शिता के साथ काम करती है और किसानों की आय बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करती है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शिवराज सिंह चौहान पर भरोसा जताते हुए उन्हें किसानों के बीच संभावित पसंदीदा बताया। जगदीप धनखड़ ने कहा, मैं यह कहना चाहता हूं कि मंत्री (शिवराज सिंह चौहान), जिन्हें कभी देश का लाडला कहा जाता था, वे किसानों के लाडला बन जाएंगे। इस बीच, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने प्रदर्शनकारी किसानों को बातचीत के लिए आमंत्रित किया और सरकार के बातचीत के लिए खुलेपन को दोहराया। उन्होंने कहा, किसानों के लिए अपने मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दरवाजे खुले हैं। मैं खुद को उनका भाई मानता हूं।

## भू-राजनीति में सेमीकंडक्टर की होगी अहम भूमिकाः जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र की



अहमियत बताते हुए कहा है कि आने वाले समय में भू-राजनीति में देशों के समीकरणों में सेमीकंडक्टर की भूमिका बेहद अहम रहेगी। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में भारत-जापान फोरम के उद्घाटन सत्र में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जापान आज अपने सेमीकंडक्टर क्षेत्र को पुनर्जीवित कर रहा है और भारत भी बहुत लंबे समय की उपेक्षा के बाद सेमीकंडक्टर मिशन पर काम कर रहा है। जयशंकर ने कहा कि हम दोनों देश ताइवान के साथ मिलकर भी काम कर रहे हैं। मैं इसे बहुत ही महत्वपूर्ण शुरुआत मानता हूं। यह बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो आने वाले दशक में भू-राजनीतिक स्तर पर बहुत महत्वपूर्ण होगा। सेमीकंडक्टर सहयोग की संभावनाएं बहुत ज्यादा होंगी।

## भारतीय नौसेना में शामिल होने को तैयार है आईएनएस तुशिल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना नौ दिसंबर को रूस के कालिनिनग्राद में अपने नवीनतम मल्टी रोल स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेड, आईएनएस तुशिल को चालू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्य अतिथि के तौर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस समारोह में उच्च स्तरीय भारतीय-रूसी सरकारी और रक्षा अधिकारी मौजूद रहेंगे। आईएनएस तुशिल प्रोजेक्ट 1135.6 का एक उन्नत क्रिवाक श्रेणी का युद्धपोत है। इनमें से छह पहले से ही सेवा में हैं, जिसमें तीन तलवार श्रेणी के जहाज, बाल्टिस्की शिपयार्ड, सेंट पीटर्सबर्ग में निर्मित और तीन तेग फॉलो-ऑन तेग श्रेणी के जहाज, यंतर शिपयार्ड, कलिनिनग्राद में निर्मित हैं।

## विधानसभा घेराव को लेकर कांग्रेस तैयारी में जुटी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार के 1 साल पूरे होने पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी 16 दिसंबर को प्रदेश व्यापी विधानसभा घेराव करेगी। इसके लिए पहले से रणनीति तैयार की जा रही है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में तीन अलग-अलग बैठकें आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में आंदोलन को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। यहां पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पदाधिकारी के साथ रणनीति बनाएंगे। वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विंध्य दौरे पर हैं और वहां कार्यकर्ताओं के बीच इस आंदोलन की जानकारी देंगे। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि विधानसभा घेराव की रणनीति एवं तैयारियों पर चर्चा के लिए पहली बैठक पूर्वान्ह 11:30 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विभागों एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ होगी, जिसमें विभागों एवं प्रकोष्ठों के प्रभारी जेपी धनोपिया भी उपस्थिति रहेंगे। सिंह ने बताया कि वहीं दूसरी बैठक दोपहर 12 बजे से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मुख्य आतिथ्य और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सहप्रभारी संजय दत्त की उपस्थिति में आहूत होगी। उक्त बैठक में अभा कांग्रेस द्वारा दत्त को मप्र प्रदेश में सौंपे गये संगठनात्मक जिलों के जिला प्रभारियों और सहप्रभारियों को आमंत्रित किया गया है।

## तीसरी तिमाही में होगी मंदी की भरपाई : सीतारमण

**नई दिल्ली।** सितंबर तिमाही में जीडीपी में मंदी व्यवस्थित नहीं थी और तीसरी तिमाही में बेहतर सार्वजनिक व्यय के साथ आर्थिक गतिविधि मंदी की भरपाई कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यह बात कही। भारत ने जुलाई-सितंबर वित्त वर्ष 25 में 5.4 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज की, जो सात तिमाहियों में सबसे कम थी। पहली तिमाही में वृद्धि 6.7 प्रतिशत थी। सीतारमण ने एक कार्यक्रम में कहा, यह एक व्यवस्थित मंदी नहीं है। यह सार्वजनिक व्यय, पूंजीगत व्यय और इसी तरह की अन्य गतिविधियों में कमी की वजह से है... मुझे उम्मीद है कि तीसरी तिमाही इन सबकी भरपाई कर



देगी। वित्त मंत्री ने कहा, इसलिए, विकास दर की संख्या ऐसी चीज है जो जरूरी नहीं कि बुरी तरह प्रभावित हो। हमें कई अन्य कारकों पर जोर देने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत अगले साल और उसके बाद भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आम चुनाव और पूंजीगत व्यय में कमी की वजह से पहली तिमाही में विकास की गति कम रही। इसका असर दूसरी तिमाही पर भी पड़ा है। पहली छमाही में, सरकार ने वित्त वर्ष 25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये के अपने पूंजीगत व्यय लक्ष्य का केवल 37.3 प्रतिशत खर्च किया।

वित्त मंत्री की टिप्पणी भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से चालू वित्त वर्ष के लिए अपने विकास अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत करने के कुछ ही देर बाद आई। सीतारमण ने कहा कि विकास को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों में वैश्विक मांग में स्थिरता शामिल है, जिसने निर्यात वृद्धि को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, भारतीयों की क्रय शक्ति में सुधार हो रहा है, लेकिन भारत में, आपको पर्याप्त वेतन की भी चिंता करनी होती है। हम इन कारकों से अच्छी तरह वाकिफ हैं, जिनका भारत की अपनी खपत पर असर हो सकता है।

वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 24 के लिए अपने आर्थिक सर्वेक्षण में चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5-7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया था। उन्होंने कहा, हमारे पास एक ऐसा प्रधानमंत्री है जो हर चुनौती में अवसर तलाशता है। कोविड-19 के दौरान चुनौती को सुधार लाने के अवसर के रूप में देखा गया। उस समय पांच मिनी बजट पेश किए गए थे, जिनमें से प्रत्येक ने एक तरफ राहत, समर्थन, सहायता दी और दूसरी तरफ यह सुनिश्चित किया कि छोटे और उपेक्षित लंबित सुधार किए जाएं।

पिछले कुछ समय से ग्लोबल साउथ की आवाज होने के नाते भारत अपनी भूमिका को आगे बढ़ाएगा, जिसे सभी ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान देखा था। जब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक महत्व का कोई मुद्दा उठाते हैं, तो वे ग्लोबल साउथ से सलाह लेते हैं और उनकी चिंताओं को आगे बढ़ाते हैं।

# हिंडालको महान ने 200 हितग्राहियों को बांटे राइस हस्क स्टोव

## पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य सुधार की दिशा में बड़ी पहल




**सिंगरौली।** हिंडालको महान के सीएसआर विभाग ने पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए 200 हितग्राहियों को राइस हस्क स्टोव वितरित किए। यह कार्यक्रम बरैनिया सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया, जहां 170 हितग्राहियों को स्टोव प्रदान किए गए। इससे पहले ग्राम पोखरा के ग्राम संगठन कार्यालय में 30 महिलाओं को यह धुआं रहित चूल्हा प्रदान किया गया था।कार्यक्रम में हिंडालको महान के मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वार्ड-3 के पार्षद अभिलाष सिंह, वार्ड-13 की पार्षद जागेश्वरी देवी, ग्राम पंचायत सचिव प्रदीप तिवारी, और हिंडालको महान के सीएसआर विभाग से विजय बैश्य, धीरेंद्र तिवारी, शीतल श्रीवास्तव, भोला बैश्य, दीपक भगत, अरविंद बैश्य, जियालाल, एवं खलालू उपस्थित रहे। डॉ.विवेकानंद मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा हमारा उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण स्वास्थ्य में सुधार करना है। धुआं रहित चूल्हे से न केवल ग्रामीण महिलाओं को धुएं से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान से बचाया जा सकता है, बल्कि कृषि कचरे का सदुपयोग भी सुनिश्चित किया जा सकता है। यह पहल जंगल की लकड़ियों पर निर्भरता कम करके प्राकृतिक संसाधनों को बचाने में सहायक होगी। उन्होंने यह भी बताया कि हिंडालको महान का सीएसआर विभाग आने वाले समय में क्षेत्र के युवाओं के लिए बेहतर स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू करने की योजना पर कार्य कर रहा है।वार्ड-3 के पार्षद अभिलाष सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा हिंडालको महान का सीएसआर विभाग क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। राइस हस्क स्टोव के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किया गया यह प्रयास प्रशंसनीय है।कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को राइस हस्क स्टोव के उपयोग और उसे जलाने की विधि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग के विजय बैश्य ने किया।हिंडालको महान का यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण बल्कि क्षेत्रीय विकास और ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

## जिला मजिस्ट्रेट ने न्यायालयों में परिवाद प्रस्तुत करने हेतु उपखण्ड अधिकारियो को किया प्राधिकृत

**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट चन्द्रशेखर शुक्ला ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 215 (क) के प्रावधानों के अनुसार सिंगरौली जिले के अंतर्गत लोक न्याय के विरूद्ध अपराधों के लिये और साक्ष्य में दिये गये दस्तावेजों से संबंधित अपराधों के लिये, लोक सेवकों के विधिपूर्ण प्राधिकार के अवमान के लिये (भारतीय न्याय संहिता की धारा 206 से धारा 223 (जिनके अंतर्गत 209 के सिवाय ये दोनों धारायें भी हैं) अधीन दण्डनीय किसी अपराध, ऐसे अपराध के किसी दुष्प्रेरण या ऐसा अपराध करने के प्रयत्न का या ऐसा अपराध करने के लिये किसी अपराधिक षडयंत्र) अभियोजन की कार्यवाही हेतु जिला दण्डाधिकारी की ओर से माननीय न्यायालयों में परिवाद प्रस्तुत करने हेतु समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को उनके कार्यक्षेत्र अंतर्गत घठित होने वाले अपराधों के संदर्भ में प्राधिकृत गया है।

# सीएम राइज स्कूल से शिक्षा की गुणवत्ता में हो रहा सुधार

## सीएम राइज स्कूल बनने के बाद से बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम हुए बेहतर

**सिंगरौली।** विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की आधुनिक शिक्षा देने के लिए सिंगरौली जिले में 4 सीएम राइज स्कूल स्थापित किए गए हैं। जिले में प्रथम चरण में 4 स्कूलों को इस परियोजना में शामिल किया गया है। सीएम राइज स्कूलों का संचालन आधुनिक उत्कृष्ट स्कूलों की तरह किया जा रहा है। इनमें पठन-पाठन की सुविधाओं, भवन आदि से लेकर पाठ्यक्रम तक में सुधार किया गया है। नवीन भवनों का निर्माण पूरा होने के बाद सीएम राइज स्कूल आवासीय विद्यालय की तरह विद्यार्थियों को आवास और भोजन की सुविधा देने के साथ आधुनिक शिक्षा देंगे। सीएम राइज स्कूलों में आधुनिक प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब, ऑडिटोरियम, खेलकूद की व्यवस्था, आधुनिक क्लासरूम की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी ने बताया कि सीएम राइज स्कूलों में चुने हुए शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जा रहा है। नई पद्धति से पढ़ाई करने के बाद सीएम राइज स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणामों में सुधार हुआ है। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में सभी स्कूलों के परीक्षा परिणाम बेहतर हुए हैं। कक्षा 10वीं में 2023 में शासकीय उमावि बरगवां में 64.64 प्रतिशत, उमावि हिर्रवाह में 50.95 प्रतिशत, शासकीय माडल उमावि चितरंगी 96.3 प्रतिशत तथा उमावि चकरिया में 68 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। सीएम राइज स्कूल बनने के बाद 2024 में शासकीय उमावि बरगवां में 72.73 प्रतिशत, उमावि हिर्रवाह में 85.94 प्रतिशत, शासकीय माडल उमावि चितरंगी 98.93 प्रतिशत तथा उमावि चकरिया में 85.71 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इसी तरह कक्षा 12वीं में 2023 में शासकीय उमावि बरगवां में 66.81 प्रतिशत, उमावि हिर्रवाह में 35.94 प्रतिशत तथा शासकीय माडल उमावि चितरंगी में 96.2 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। उमावि चकरिया में कक्षा 12वीं संचालित नहीं थी। सीएम राइज स्कूल बनने के बाद 2024 में शासकीय उमावि बरगवां में 74.93 प्रतिशत, उमावि हिर्रवाह में 90.63 प्रतिशत तथा शासकीय माडल उमावि चितरंगी में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। सीएम राइज स्कूल बनने के बाद से शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। इस वर्ष नवीन भवनों का निर्माण पूरा हो जाने के बाद निर्धारित मापदण्डों के अनुसार सीएम राइज स्कूलों में शिक्षा के लिए सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की

## मतदाता सूची में जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम जोड़ें : सिंह

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखबीर सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के पुनरीक्षण की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल करें। मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए 13 दिसम्बर तक आवेदन ले सकते हैं। इस अवधि तक सूची में नाम शामिल करने के लिए विशेष प्रयास करें। बीएलओ को प्राप्त आफलाइन आवेदन ऑनलाइन दर्ज कराकर उनका निराकरण करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले और विधानसभा क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करें। सीधी, उमरिया, गुना, अशोकनगर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ तथा अन्य जिलों में मतदाता प्रतिशत में सुधार करें। जनसंख्या के अनुसार वास्तविक मतदाताओं के नाम शामिल होने पर ही अनुपात में सुधार होगा। ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों से मृतक मतदाताओं की सूची प्राप्त करके उनके नाम मतदाता सूची से पृथक कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सीधी एनआईसी केन्द्र से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी कालेज और हायर सेकण्डरी स्कूलों में बीएलओ जाकर 18 साल से अधिक आयु के विद्यार्थियों के नाम दर्ज कर उनके मतदाता सूची में नाम शामिल करने के आवेदन भरवा रहे हैं। रीवा संभाग के सभी जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

# यातायात नियमो के जागरूकता कार्यक्रम का उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न में हुआ आयोजन




**सिंगरौली।** मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक के मार्गदशन एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिगरौली एंव पीएस परस्ते सीएसपी विन्ध्यनगर के निर्देशन में जगह-जगह जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है । सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम, एवं यातायात नियमों की जागरुकता हेतु लगातार यातायात प्रर्वतन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तारतम्य में आज 6 दिसम्बर को थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1000 छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा साथ ही सडक परिवहन एव राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सडक दुर्घटनाओ में गंभीर रूप से घायल व्यक्तिओ को (गोल्डन अवर) अर्थात दुर्घटना घटित होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल/ट्रामा केयर सेंटर पहुंचा कर जान बचाने के लिए प्रोत्साहन अवार्ड हेतु गुड सेमेरिटन योजना बनायी गई है, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति अर्थात बडी शल्य चिकित्सा या तीन दिन से अधिक अस्पताल में भर्ती होना, ब्रेन इनजुरी, रीढ की हड्डी मे इनजुरी होना शामिल है. गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर आमजनता के बीच मे पहुंचाने हेतु उत्कृष्ठ विद्यालय बैढन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 500 छात्र-छात्राओ को योजना से संबधित जानकारी दी गई साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट लगाने हेतु वताया गया, चार पहिया वाहनों में सीटबेल्ट लगाने हेतु वताया गया, वाहनों को निर्धारित गतिसीमा से अधिक न चलायें, शराब पीकर वाहन को न चलायें, यातायात नियमों का पालन किए जाने की शपथ दिलाई गई सराहनीय भूमिका मे निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी, थाना प्रभारी यातायात यातायात स्टाफ सउनि शिवेन्द्र प्रआर उमेश बागरी,, आर प्रवेश तिवारी एंव अन्य समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

## कमिश्नर ने प्री प्राइमरी विद्यालय छतवई का किया निरीक्षण, विद्यार्थियों से की चर्चा

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आज शहडोल जिले के सोहागपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छतवई में सीएम राईज स्कूल के प्री प्राईमरी क्लास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने विद्यार्थियों से चर्चा की तथा संबंधित अधिकारी से मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। इसी दौरान कमिश्नर ने शहडोल जिले के तहसील सोहागपुर के ग्राम छतवई के मतदान केन्द्र 123 एवं 124 का निरीक्षण किया तथा संबंधित बीएलओ से मतदाता सूची से संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के अनुविभागीय अधिकारी जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।

## कमिश्नर ने किया सीएम राइज विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने तहसील सोहागपुर के ग्राम पंचायत छतवई में सीएम राइज विद्यालय हेतु निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान सहायक महाप्रबंधक भवन विकास निगम को निर्देश दिए कि सीएम राइज विद्यालय हेतु निर्माणाधीन कार्य गुणवत्तायुक्त एवं समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा निर्माणाधीन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने सीएम राईज स्कूल छतवई के भवन की ड्राईंग का भी अवलोकन किया तथा क्लास रूम, लाइब्रेरी, डान्स रूम, म्यूजिक रूम के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम सम्पन्न

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह के निर्देशन में जनपद पंचायत बुढार के सभागार में अधिकारी एवं कर्मचारियों के बीच ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

## कमिश्नर ने धान उपार्जन केन्द्र छतवई का किया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने आज शहडोल जिले के तहसील सोहागपुर के धान उपार्जन केन्द्र छतवई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र में बारदाना, तौल कांटा एवं बारिश के बचाव हेतु तिरपाल की उचित व्यवस्था सुश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन के बाद किसानों के खाते में धान की एन्ट्री भी समय पर करें जिससे भुगतान की प्रक्रिया में कोई समस्या न हो।

## सजहर घाटी में प्रकाश व्यवस्था कराने हेतु जिला दण्डाधिकारी द्वारा अधीक्षण अभियंता को दिया गया निर्देश

**सिंगरौली**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी को पुलिस अधीक्षक सिंगरौली द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि थाना जियावन से लगभग 10 किमी की दूर पर जियावन बरगवां राष्ट्रीय मार्ग में सजहर घाटी है, जिसमें 3-4 मोड़ हैं, उक्त मोड़ से गुजरने वाले फोर लेन हाईवे में रात्रि में अत्यधिक अंधेरा बना रहता है। निर्जन, घुमावदार मोड़ एवं अंधेरा होने से सजहर घाटी में बदमाशों द्वारा रात्रि में ड्रायवरों से मारपीट, लूटपाट की वारदात होने की संभावना हमेशा बनी रहती है, जिससे आम जनता रात्रि में सजहर घाटी से आने-जाने में असुरक्षित महसूस करते हैं। वर्तमान में उक्त राष्ट्रीय मार्ग में निर्माण कार्य चल रहा है। उक्त घाटी में प्रकाश की व्यवस्था कराया जाना अति आवश्यक है।उक्त प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के द्वारा अधीक्षण अभियंता मप्रपूक्षेविवि कं लिमिटेड जिला सिंगरौली कि सजहर घाटी में प्रकाश की व्यवस्था कराया जाकर अवगत कराये जाने का निर्देश दिया गया है।

SWACHH SURVEKSHAN
**कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा (म.प्र.)**
Email:-cmosirmour@mpurban.gov.in ULB Code: 802182
क्रमांक/1327/स्व.भा.मि./2024 दिनांक 05/12/2024
-::सार्वजनिक सूचना::-
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सिरमौर जिला रीवा म0प्र0 मे यूजर चार्जेज लगाये गये है प्रत्येक वार्डो मे कचडा गाडी घर-घर जाकर डोर टू डोर कचडा कलेक्शन का कार्य कर रही है। नगर परिषद सिरमौर द्वारा निम्नानुसार यूजर चार्जेज अधिरोपित किये गये है जो निम्नानुसार है

| क्र. | चार्जेज | राशि |
|---|---|---|
| 01 | आवासीय भवन | 60 रूपये प्रति माह |
| 02 | व्यवसायिक भवन | 100रूपये प्रति माह |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला-रीवा (म.प्र.)

SWACHH SURVEKSHAN
**कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा (म.प्र.)**
Email:-cmosirmour@mpurban.gov.in ULB Code: 802182
क्रमांक/1329/स्व.भा.मि./2024 दिनांक 05/12/2024
अधिसूचना (सर्विस लेवल बेंचमार्क)
राज्य शासन द्वारा संदर्भित आदेश के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय में उच्च स्तरीय नागरिक हितैशी उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के समस्त नगर पालिका निगम, नगर पलिका परिषद् एवं पंचायत में स्थित सार्वजनिक एवं सामुदयिक शौचालयों के लिये निम्नानुसार सर्विस लेवल बेंचमार्क निर्धारित किये गये है-

| क्र. | सेवा का प्रकार | मानक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | शौचालय खुलने का समय | 24 घंटे |
| 2 | जल की उपलब्धता | 24 घंटे |
| 3 | शौचालय में प्रकाश एवं हवादानी | प्रत्येक सीट में प्राकृतिक एवं एलईडी लाईट से प्रकाश एवं हवा दानी |
| 4 | सेप्टीटेंक / सिवरेज व्यवस्था | समस्त सीट हेतु |
| 5 | शिकायत निवारण की समय सीमा | 24 घंटे |
| 6 | शौचालय की ऑनलाईन मैप में खोजने हेतु गूगल या समकक्ष प्लेटफार्म में उपलब्धता एवं फीडबेक व्यवस्था | समस्त शौचालय |
| 7 | दिव्यांग हितैशी सीट / बच्चों के सीट की उपलब्धता | प्रत्येक ब्लॉक में न्यूनतम सीट |
| 8 | सीट, बेसिन, फर्श, दवार, दरवाजा, आईना आदि की साफ-सफाई | निरन्तर किन्तु 24 घंटे में न्यूनतम 04 बार |
| 9 | साबुन, फिनाईल, डस्टबिन, मीपिंग, सफाई कर्मी सुरक्षा पहनावे (जैसे- ग्लब्स, जूता, एप्रेन आदि) झाड़ू आदि की व्यवस्था | समुचित सफाई हेतु निरन्तर उपलब्धता |
| 10 | सेनेटरी नेपकीन, एयर फ्रेशनर, हेंडड्रायर | शहर में स्थित कुल 25: शौचालयों में |

उपरोक्त प्रावधान, संदर्भित आदेश से प्रदेश के समस्त, नगर पलिका परिषद् एवं पंचायत क्षेत्रो में प्रभावशील हैं एवं स्वच्छता ऐप तथा निकाय कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला-रीवा (म.प्र.)

# एनटीपीसी विंध्याचल के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को बेस्ट टेक्नोलॉजी अडॉप्शन अवार्ड से किया गया सम्मानित

**सिंगरौली**




एनटीपीसी विंध्याचल के आईटी विभाग को उन्नत इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी सिस्टम के लिए बेस्ट टेक्नोलॉजी अडॉप्शन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित विनर ट्रॉफी 5 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित तीसरी पीएसयू ट्रांसफॉर्मेशन कान्क्लेव अवार्ड्स समारोह में सौरभ बनौधा, उप महाप्रबंधक(आईटी) को प्रदान की गई।यह महत्वपूर्ण उपलब्धि विंध्याचल के आईटी और मानव संसाधन टीम के अथक प्रयासों का परिणाम है, जिनके मार्गदर्शन में यह सफलता हासिल हुई। विंध्याचल की शीर्ष नेतृत्व टीम के सामूहिक दृष्टिकोण और मार्गदर्शन ने इस उपलब्धि को संभव बनाया।इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी सिस्टम की सफलता की दिशा में डीसी गुप्ता, अपर महाप्रबंधक (आईटी) ने इंजीनियर इन-चार्ज के रूप में और राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) ने प्रोसेस ओनर के रूप में नेतृत्व किया। उनके नेतृत्व में अत्याधुनिक आईटी एप्लिकेशनों का समन्वय सुनिश्चित किया गया, जिससे प्रचालन की उत्कृष्टता में सुधार हुआ।इस मील के पत्थर के साथ, एनटीपीसी विंध्याचल ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को फिर से प्रमाणित किया है और ऊर्जा के क्षेत्र में नए मानकों को स्थापित करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने परियोजना को पीएसयू ट्रांसफॉर्मेशन कान्क्लेव और अवार्ड्स समारोह मे मिले इस पुरस्कार हेतु आईटी एवं मानव संसाधन विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि टीम विंध्याचल की लगन और एकजुटता से परियोजना नित नई ऊंचाइयों को हासिल कर रही है और यह पुरस्कार हमारी स्वर्णिम विद्युत यात्रा मे एक और रत्न जड़ने का काम करेगी । उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूरा विश्वास है कि टीम विंध्याचल भविष्य मे भी इस प्रथा को जारी रखेगी और एनटीपीसी विंध्याचल को और अधिक ऊंचाइयों पर पहुंचाएगी ।

# भाजपाइयों ने भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर, उन्हें किया याद

## डॉक्टर साहब के जीवन दर्शन को करें आत्मसात : देव कुमार

सीधी



भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

पार्टी कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व से राष्ट्र को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके दिखाए गए मार्गों पर चलते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन में हम सभी को जुटना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा किया जा रहा है। विचार गोष्ठी को अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद साकेत ने किया।

पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह चौहान, मोतीलाल पटेल, जिला महामंत्री विनोद साकेत, जिला मंत्री अमित प्रधान, सुनीता रानी वर्मा, मोर्चे के अध्यक्ष राकेश मौर्य, पूनम सोनी,पुन्नू खान, अजीत पांडे ,सुरेंद्र मणि दुबे, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, उमाशंकर यादव, शिवदान साकेत, मोहम्मद कलाम, विनोद सिंह परिहार ,बाबूलाल कुशवाहा, संदीप सिंह गहरवार, उमाशंकर यादव, महेंद्र यादव, अभय सिंह ,संगीता सिंह चौहान, आरती सिंह, बृजेश सिंह, अभय सिंह, विकास मौर्य, जितेंद्र सिंह परिहार , मन्नालाल चौधरी, कौशल साकेत सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला अध्यक्ष ,विधायक ने अंबेडकर चौक में अर्पित की पुष्पांजलि

इसके पूर्व प्रातः काल अंबेडकर चौक में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी सहित अनेक वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता राज बहादुर सिंह चौहान का निधन

**सीधी।** जिले के मड़वास निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता राज बहादुर सिंह चौहान 91 वर्ष में दुखद निधन हो गया। ज्ञात हो कि विगत कई दिनों से स्वास्थ्य खराब चल रहा था जिसके लिए उपचार हेतु बनारस के लाइफ केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। करीब 2-3 दिनों से स्वास्थ्य में सुधार न होने के कारण बीते दिन 5 दिसंबर के रात करीब 9 बजे वरिष्ठ अधिवक्ता राज बहादुर सिंह चौहान ने दुनिया को अलविदा कह गए। जैसे ही उनके निधन की जानकारी मड़वास क्षेत्र वासियों को लगी उनके निवास पर जाकर लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का ताता लगा रहा। ज्ञात हो की अधिवक्ता रहे राजबहादुर सिंह चौहान शासकीय महाविद्यालय संजय गांधी सीधी सन 1964-65 महा विद्यालयीन छात्र रहे तथा छात्र संघ अध्यक्ष के रूप में दो बार निर्वाचित किए गए थे। वरिष्ठ अधिवक्ता राज बहादुर सिंह चौहान के बड़े पुत्र अभिमन्यु सिंह उफ बबलू सिंह चौहान ने पिता को मुखाग्नि देकर अंत्येष्टि संस्कार की रस्म अदायगी की।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत भगोहर के ग्राम सूखी में कार्यक्रम सम्पन्न



## जनजातीय समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मील का पत्थर साबित होगा अभियान : विधायक

**सीधी।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश के 51 जिलों में किया जा रहा है। उक्त अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत भगोहर के ग्राम सूखी में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार 05 दिसंबर को कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अभियान में संवेदनशीलता के साथ अनुसूचित जनजाति वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए एवं उनके समग्र विकास के लिए 18 विभागों की 25 योजनाओं की गतिविधियों को शत प्रतिशत सैचुरेशन किए जाने हेतु ग्रामीणजन को जानकारी दी गई।

विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार आदिवासी समुदाय के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है। इन योजनाओं से जनजातीय समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और संपूर्ण भारतीय समाज स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर होगा तथा सम्पूर्ण भारत में जनजातीय समुदायों के समग्र विकास को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं।

उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह परिहार एवं अन्य जनप्रतिनिधि, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास श्री नीलेश शर्मा, तहसीलदार श्रीमती जान्हवी शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी श्री अशोक तिवारी, अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने की राजस्व महाअभियान की समीक्षा

## नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के शत-प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करायें: कमिश्नर

**सीधी।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद द्वारा जिले में राजस्व महाअभियान 3.0 की तहसीलवार विस्तृत समीक्षा की गई। कमिश्नर ने कहा कि लोगों की राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा लगातार राजस्व महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन की मंशानुसार राजस्व महाअभियान 3.0 में चिन्हित सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण 12 दिसम्बर का लक्ष्य निर्धारित कर करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने तहसील मझौली, मड़वास, सिहावल तथा बहरी में लंबित प्रकरणों की संख्या पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर अधिकतम प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी अभियान की निरंतर निगरानी करेंगे तथा प्रतिदिन कलेक्टर को प्रगति से अवगत करायेंगे। कमिश्नर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्तगी के चिन्हांकित शत-प्रतिशत केसों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही नक्शा सुधार, आधार-खसरा लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में किसानों को जागरूक करने तथा अभियान के दौरान प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि अभियान में उदासीनता या लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि नामांतरण के शेष प्रकरणों का निराकरण दो दिवस में अभियान चलाकर कर लिया जावेगा। साथ ही बंटवारा के प्रकरणों को भी निराकृत करने की कार्यवाही जारी है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को दल गठित कर लंबित सीमांकनों के निराकरण के निर्देश दिए हैं।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की

# मतदाता सूची में जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम जोड़ें : सिंह

सीधी



मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखबीर सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के पुनरीक्षण की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल करें। मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए 13 दिसम्बर तक आवेदन ले सकते हैं। इस अवधि तक सूची में नाम शामिल करने के लिए विशेष प्रयास करें। बीएलओ को प्राप्त आफलाइन आवेदन ऑनलाइन दर्ज कराकर उनका निराकरण करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिले और विधानसभा क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करें। जनसंख्या के अनुसार वास्तविक मतदाताओं के नाम शामिल होने पर ही अनुपात में सुधार होगा। ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों से मृतक मतदाताओं की सूची प्राप्त करके उनके नाम मतदाता सूची से पृथक कराएं।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सीधी एनआईसी केन्द्र से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी कालेज और हायर सेकण्डरी स्कूलों में बीएलओ जाकर 18 साल से अधिक आयु के विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के आवेदन भरवा रहे हैं। रीवा संभाग के सभी जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि जिले में सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने की कार्यवाही जारी है। आयोग के निर्देशानुसार सभी कार्यवाहियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर लिया जावेगा।

कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, चुरहट शैलेश द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

# पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 08 दिसम्बर को

**सीधी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला शाखा सीधी के अध्यक्ष देवीचरण शर्मा ने बताया है कि एसोसिएशन की बैठक दिनांक 08 दिसम्बर 2024 दिन रविवार को दोपहर 1:00 बजे से सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई है। जिले के सभी पदाधिकारी एवं पेंशनर्स से अपील की है कि नियत दिनांक समय व स्थान पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित आने का कष्ट करें।

## कमिश्नर ने किया तहसील न्यायालय मड़वास का निरीक्षण, बटवारा प्रकरण में पटवारी को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

# राजस्व महाअभियान में चिन्हित सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें: कमिश्नर

सीधी



रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने राजस्व महाअभियान के तहत सीधी जिले की मड़वास तहसील न्यायालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने नामांतरण, बटवारा तथा सीमांकन के प्रकरणों की फाइलों का अवलोकन भी किया। राजस्व महाअभियान में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कमिश्नर ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व महाअभियान के दौरान प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के शतप्रतिशत प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। सभी निराकृत राजस्व प्रकरण ऑनलाइन अनिवार्य रूप से दर्ज करें। कमिश्नर ने कहा कि जिन प्रकरणों की सुनवाई पूरी हो गयी है। उनके आदेश तत्काल जारी करें। प्रत्येक प्रकरण की नोटशीट पीठासीन अधिकारी नियमों और निर्देशों का पालन करते हुए स्वयं की ओर से लिखे।

कमिश्नर ने नामांतरण के 91, बटवारा के 44 तथा सीमांकन के 308 प्रकरण लंबित रहने पर नाराजगी जताई। बटवारा प्रकरण का अवलोकन करते हुए निर्धारित दस्तावेजों की कमी के कारण पटवारी धुंआडोल संतोष कुमार साकेत को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक पटवारी के कार्यों का मूल्यांकन करें। प्रकरणों के निराकरण, नक्शा तरमीम तथा राजस्व प्रकरणों में रिपोर्ट समय पर उपलब्ध न कराने वाले लापरवाह पटवारियों पर कार्यवाही करें। अभियान के समापन पर अपेक्षा अनुरूप प्रगति नहीं पाये जाने पर लापरवाह पटवारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि राजस्व महाअभियान में निर्धारित बिन्दुओं के राजस्व प्रकरण शत-प्रतिशत निराकृत कर लिये जायेंगे। कलेक्टर उपखण्ड अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करने तथा प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**सीधी।** नेहरू युवा केन्द्र सीधी ''युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार'' द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस कार्यक्रम दिनांक 05 दिसंबर को सीएम राइज स्कूल सेमरिया में वीणा वादिनी मां सरास्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामसजीवन वर्मा समाज सेवी सेमरिया, अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा प्राचार्य सीएम राइज स्कूल सेमरिया, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनीता वर्मा शिक्षक, राममणि त्रिपाठी पी.टी.आई, अजीत कुमार सिंह मा. शिक्षक सेमरिया, अरूण प्रताप सिंह मा. शिक्षक देवगढ़ रहे। कार्यक्रम के आयोजक अर्जुन सिंह लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक द्वारा बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र स्वंयसेवक (यूएनवी) राष्ट्रीय और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली भागीदारों के साथ किए गए ठोस सामुदायिक स्वयंसेवक गतिविधियों के माध्यम से दुनिया भर में सामुदायो और संयुक्त राष्ट्र स्वयंसेवको की भलाई के लिए अपनी प्रतिबध्दता प्रदर्शित करता है। अन्तर्राष्ट्रीय स्वंयसेवक दिवस, जिसे आमतौर पर आई.व्ही.डी. के नाम से जाना जाता है हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1985 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अनिवार्य एक अंतर्राष्ट्रीय पालन के रूप में की गई थी। यह एक ऐसा दिन है जहां स्वयंसेवको को स्वीकार किया जाता है। और स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वयंसेवा की भावना को बढ़ावा दिया जाता है। इसी तारतम्य में रामसजीवन वर्मा समाज सेवी सेमरिया को साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामसजीवन वर्मा समाज सेवी द्वारा स्वयंसेवक वह होता है जो समाज की सेवा करता है युवा उर्जावान होता है आप में से जिसकी इच्छा समाज सेवा की होती है। वह आदमी आगे आकर के समाज सेवा की बागदौड़ अपने हांथों में रख कर चलता है जिस तरह से सूर्य को दिन में चलना है और चन्द्रमा को रात में चलना है वो निरन्तर चलते रहते हैं अपने कर्तव्य पथ पर बिना लाभ हानि के चलते रहते है उसी प्रकार स्वयंसेवक अपने पथ पर चलते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनिल कुमार मिश्रा प्राचार्य सीएम राइज स्कूल द्वारा कहा गया कि उपस्थित लोग जो कि कुछ दबाव में बैठे है कुछ इच्छा से बैठे है कुछ समाज सेवा के भाव से बैठे है आज के युवा समाज के उत्थान में अपना योगदान देते रहे साथ ही युवा में पुस्तकीय ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान भी होना आवश्यक है इसी प्रकार विशिष्ट अतिथियों द्वारा अपने अपने विचार प्रकट किये गये आभार प्रदर्शन रावेन्द्र कुमार प्रजापति द्वारा किया गया।

कार्यालय नगर परिषद चाकघाट, जिला- रीवा (म.प्र.)
Email ID : cmochakghat@mpurban.gov.in
क्रमांक/ /न.प./स्टोर/वाहन/2024 चाकघाट, दिनांक ......
सूचना
एतद् द्वारा समस्त निविदाकारो को सूचित किया जाता है कि निकाय द्वारा जारी निविदा क्रमांक 2024 _ यू.ए.डी. _ 384184_1 में वाहन की स्पेसी फिफेसन में सिर्फ टाटा और अशोक लीलैंड के वाहन की ही बिड प्राइज को मान्य किया जावेगा अतः निविदाकारों से आग्रह है अपने टेन्डर को पुनः जाँच कर लें और कार्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों और शर्तो का पालन करते हुए बिड में भाग लें।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद चाकघाट
जिला-रीवा (म.प्र.)

SWACHH SURVEKSHAN कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला रीवा (म.प्र.)
Email:-cmosirmour@mpurban.gov.in ULB Code: 802182
क्रमांक/1325/स्व.भा.मि./2024 दिनांक 05/12/2024
-::सार्वजनिक सूचना::-
गैर - बायोडिग्रेडेबल 120 माइक्रोन से कम वाले प्लास्टिक बैग / प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग, बिक्री और भंडारण आदि पर प्रतिबंध के संबंध में ।
एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम - 2022 प्रभावशील किया गया है। अतः संपूर्ण निकाय सीमा क्षेत्र में इस सूचना प्रसारण के उपरांत यदि कोई व्यक्ति / दुकानदार/ संस्थान आदि गैर - बायोडिग्रेडेबल 120 माइक्रोन से कम वाले प्लास्टिक बैग एवं अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक जिसमें प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडिया, पोलीस्टाइरीन (थर्माकोल) की सजावटी सामग्री, प्लेट, कप, ग्लास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी आदि का उपयोग, भंडारण, परिवहन, विक्रय, उत्पादन आदि करता पाये जाने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध स्पाट फाईन / जुर्माना एवं जप्ति के साथ ही अन्य आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद सिरमौर
जिला-रीवा (म.प्र.)

## संपादकीय

### गुड गवर्नेंस की चुनौती

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने के 11 दिन बाद यह तय हो पाया कि देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। हालांकि इन चुनावों में महायुति और उसमें भी भाजपा को जैसा जनादेश मिला था, उसके बाद इस सवाल पर इतनी माथापच्ची होनी नहीं चाहिए थी, लेकिन पिछले वर्षों में प्रदेश की राजनीति में जिस तरह के मोड़ आए हैं, उन्हें देखते हुए आखिरी पलों तक कुछ भी हो जाने का सस्पेंस बना रहा। खुद देवेंद्र फडणवीस के हालिया करियर को देखें तो 2014 से 2019 तक बतौर मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद 2022 में उन्होंने एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर की। किसी भी महत्वाकांक्षी राजनेता के लिए यह स्वभाविक चॉइस नहीं कही जाएगी, लेकिन विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर उन्होंने न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाई। इसके बाद अब अगर एक बार फिर उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता वह अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं। फिर भी अगर यह सवाल बना हुआ है कि महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं तो उसके पीछे प्रदेश राजनीति के हालिया उतार-चढ़ाव ही हैं। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता, लेकिन राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता। जाहिर है, नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा। प्रदेश राजनीति की यह खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत को रेखांकित करती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी भी बढ़ा देती है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। साफ है कि विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर देवेंद्र फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं साबित होने वाली। देखना होगा कि महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी वह किस हद तक पूरी कर पाते हैं। साथ ही, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी कर पाती है?

# सब पॉलिटिक्स का चक्कर है बाबू भइया

**फिर भी खपत कमजोर बनी हुई है। इसका अंदाजा नेस्ले के सितंबर तिमाही के नतीजों से भी लगा, जो 1.6त्न रह गई थी। यह पिछले कई वर्षों में कंपनी की सबसे कम ग्रोथ है। दूसरी ओर, स्मॉल फाइनैंस बैंकों में लोन डिफॉल्टर्स की संख्या बढ़ रही है। इससे पता चलता है कि समाज के निचले तबकों की आर्थिक मुश्किलें काफी ज्यादा हैं। 6.5 प्रतिशत रहेगी ग्रोथ- जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ घटकर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जो कोविड के बाद किसी भी तिमाही में सबसे कमजोर ग्रोथ है। इसके बाद जो अर्थशास्त्री पहले मौजूदा वित्त वर्ष में ऊंची ग्रोथ का अंदाजा लगा रहे थे, वे अब अपने अनुमान में कटौती करने में जुटे हैं। अब वे कह रहे हैं कि इस वित्त वर्ष में ग्रोथ 6.5 प्रतिशत के करीब रहेगी।**

(स्वामीनाथन एस अंकलेसरिया अय्यर)

भारतीय इकॉनमी एक पहेली की तरह है। कोविड महामारी की तबाही के बाद के तीन वर्षों में जीडीपी में लगातार ग्रोथ दिखी, जो वित्त वर्ष 2023-24 में शानदार 8.2 प्रतिशत तक जा पहुंची। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी ग्रोथ 7.2प्रतिशत थी, जो बहुत ही अच्छी कही जा सकती है।

### निचले तबके की मुश्किल

फिर भी खपत कमजोर बनी हुई है। इसका अंदाजा नेस्ले के सितंबर तिमाही के नतीजों से भी लगा, जो 1.6त्न रह गई थी। यह पिछले कई वर्षों में कंपनी की सबसे कम ग्रोथ है। दूसरी ओर, स्मॉल फाइनैंस बैंकों में लोन डिफॉल्टर्स की संख्या बढ़ रही है। इससे पता चलता है कि समाज के निचले तबकों की आर्थिक मुश्किलें काफी ज्यादा हैं।

6.5 प्रतिशत रहेगी ग्रोथ- जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ घटकर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जो कोविड के बाद किसी भी तिमाही में सबसे कमजोर ग्रोथ है। इसके बाद जो अर्थशास्त्री पहले मौजूदा वित्त वर्ष में ऊंची ग्रोथ का अंदाजा लगा रहे थे, वे अब अपने अनुमान में कटौती करने में जुटे हैं। अब वे कह रहे हैं कि इस वित्त वर्ष में ग्रोथ 6.5 प्रतिशत के करीब रहेगी।

### सरकार का इरादा

लेकिन सरकार की ख्वाहिशें बड़ी हैं। उसने 2047 तक भारत को उच्च आय वाला देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए तब तक 8 प्रतिशत की औसत जीडीपी ग्रोथ हासिल करनी होगी। शायद, इस लक्ष्य को हासिल भी किया जा सकता है, लेकिन देश में जो राजनीतिक रोड़े सामने आते रहते हैं, वे इसे नामुमकिन बना देते हैं।

### 2019-20 की याद

सितंबर तिमाही में ग्रोथ के 5.4 प्रतिशत तक फिसलने का मतलब है कि इकॉनमी में बुनियादी दिक्कतें बनी हुई हैं। जिन्हें भारत से बहुत आशा नहीं है, वे कहते हैं कि ग्रोथ कहीं वित्त वर्ष 2019-20 की तरह गोता न लगा दे। उस वित्त वर्ष की शुरुआत में 6-7 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान लगाया गया था। लेकिन यह फिसलकर 4.0प्रतिशत तक जा पहुंची थी।




### आधा-अधूरा जवाब

अर्थशास्त्रियों को इसका कारण समझाने में मुश्किल हुई। उनकी ओर से जो वजहें बताई गईं, वे आधी-अधूरी लगती हैं। मेरे खयाल से इसका आसान जवाब यह है कि उस वित्त वर्ष में देश की सारी कमजोरियां सामने आ गईं। वैश्विक ग्रोथ में गिरावट का भी बुरा असर पड़ा। फिर उसी वित्त वर्ष के आखिरी महीने में कोविड महामारी ने भी दस्तक दी थी।

### क्यों गिरी ग्रोथ

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार शंकर आचार्या जैसे निराशावादी कहते आ रहे हैं कि भारत शायद 5.5 प्रतिशत की ग्रोथ से ही बढ़ता रहे। आईएमएफ के पूर्व अर्थशास्त्री अशोक मोदी ने तो इससे भी कम ग्रोथ की भविष्यवाणी की है। लेकिन सच यह भी है कि कोविड महामारी के बाद भारत की ग्रोथ काफी तेज रही है। फिर सितंबर तिमाही में ग्रोथ क्यों घटकर 5.4 प्रतिशत पर आ गई?

### रिकवरी की आशा

गलती कहां हुई? मैन्युफैक्चरिंग कमजोर है। दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र में भी रिकवरी नहीं हुई। लेकिन इस साल मॉनसूनी बारिश अच्छी हुई है, इसलिए अगली दो तिमाहियों में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी रह सकती है। इस साल मई में आम चुनाव हुए थे। इसलिए वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में सरकार की ओर से खर्च धीमा रहा। आने वाली दो तिमाहियों में इसमें भी बढ़ोतरी होनी चाहिए। ज्यादातर एक्सपर्ट्स मानते हैं कि इस वित्त वर्ष में ग्रोथ 6.5 प्रतिशत या उससे कुछ ज्यादा रहेगी। मुझे भी ऐसा ही लगता है।

### क्या है मुश्किल

भारत निम्न मध्यम आय वाला देश है। ऐसे में 6.5प्रतिशत की ग्रोथ सराहनीय कही जा सकती है। खासतौर पर ऐसे हालात में जब दुनिया में नए शीत युद्ध की वजह से वैश्विक व्यापार और निवेश पर बुरा असर पड़ा है। लेकिन इसके साथ यह बात भी सही है कि चीन यह साबित कर चुका है कि निम्न मध्यम आय वाला देश भी कई वर्षों तक 10प्रतिशत से अधिक ग्रोथ हासिल कर सकता है। ऐसे में यह सवाल तो बनता है कि भारत लगातार 8त्न की ग्रोथ हासिल क्यों नहीं कर पाता?

### रेवड़ी कल्चर दोषी

इसका जवाब देश के सियासी माहौल में छिपा है। चुनाव जीतने के लिए यहां सरकारें किसान, ट्रेड यूनियन, शिक्षक, जज लॉबी को खुश करने की कोशिश करती हैं। वे किसानों, बड़े उद्योगों, एसएमई एंटरप्राइजेज और कई धार्मिक समूहों, जातियों, बच्चों, महिलाओं, पेंशनधारियों को रेवड़ियां बांटती हैं। इसी वजह से सरकारों के पास निवेश के लिए जरूरी रकम नहीं बच पाती।

### राजनीतिक बाधाएं

भाजपा देश में बीएमएस नाम से सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन चलाती है और कांग्रेस एआईटीयूसी , जो पहले सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन हुआ करती थी। इस लिहाज से दोनों ही श्रमिकों की पार्टियां हैं। इसलिए इनसे श्रम सुधारों या ऐसे ही दूसरे रिफॉर्म्स की आशा नहीं की जा सकती। बड़ी संख्या में शिक्षकों की अनुपस्थिति से स्कूलों की हालत खराब है, लेकिन कोई भी सरकार इन शिक्षकों पर सख्ती नहीं करती क्योंकि ये लोग राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय हैं।

### जल्द मिले इंसाफ

भारत की न्यायिक व्यवस्था का हाल यह है कि यहां 5 करोड़ से अधिक मुकदमे पेंडिंग हैं। इनमें से 45 लाख तो एक दशक से भी पुराने हैं। लेकिन कोई भी राजनीतिक पार्टी जजों को अनुशासित करने का प्रयास नहीं करती। इससे न सिर्फ इंसाफ मिलने में देरी होती है बल्कि कमर्शल ट्रांजेक्शंस भी लटके रहते हैं।

### संतुलित ग्रोथ 6.5 प्रतिशत

भारत के पास 8प्रतिशत ग्रोथ हासिल करने की प्रतिभा है, बशर्ते राजनीतिक रुकावटें न आएं। अगर ग्रोथ और राजनीतिक दिक्कतों के बीच संतुलन बनाया जाए तो भारत 6.5 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल कर सकता है। आशावादी इससे अधिक ग्रोथ चाहते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मानकों के लिहाज से देखें तो 6.5प्रतिशत की ग्रोथ अच्छी मानी जाएगी।

# संघ के चहेते, 22 की उम्र में पार्षद, 27 में मेयर 44 में सीएम बन गए थे फडणवीस

(पवन उपरेती)

यह लगभग तय था कि बीजेपी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के पद पर देवेंद्र फडणवीस के नाम का ही ऐलान करेगी और ऐसा ही हुआ। महाराष्ट्र में बीजेपी को मिली बड़ी जीत के पीछे तमाम बड़े कारणों के साथ ही देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक कौशल को भी बहुत हद तक क्रेडिट दिया जा रहा है। 5 दिसंबर को आजाद मैदान में महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के तौर पर फडणवीस ने शपथ ली। वह 2014 से 2019 तक बीजेपी- अविभाजित शिवसेना की सरकार में भी मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल चुके हैं।

बताना होगा कि महायुति में शामिल तीनों दलों ने विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया और विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन को चारों खाने चित कर दिया। 288 सीटों वाली महाराष्ट्र की विधानसभा में महायुति गठबंधन को 230 सीटों पर जीत मिली है। बीजेपी ने अकेले दम पर ही 132 सीटें जीत ली हैं जबकि उसके सहयोगी दलों - एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें जीतीं। जबकि स्क्क्र को भारी झटका लगा। एमवीए में शामिल शिवसेना (यूबीटी) को 20, कांग्रेस को 16 और एनसीपी (शरद पवार गुट) को केवल 10 सीटें मिलीं।

**फडणवीस ने साफ कर दिए थे इरादे-** चुनाव नतीजों के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की नाराजगी को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं सामने आ रही थी लेकिन बीजेपी की ओर से इस तरह के स्पष्ट संकेत थे कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। चुनाव नतीजों के बाद देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट कर कहा था कि बाज की असली उड़ान बाकी है। उन्होंने खुद को आधुनिक अभिमन्यु बताते हुए कहा था कि वह चक्रव्यूह को भेदना जानते हैं और आखिरकार सीएम पद की शपथ ले ली। फडणवीस का जन्म 22 जुलाई, 1970 को



नागपुर में हुआ था। फडणवीस न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बल्कि बीजेपी की मातृ संस्था कहे जाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेताओं के भी चहेते माने जाते हैं। फडणवीस नागपुर साउथ-वेस्ट सीट से लगातार 6 बार जीत हासिल कर चुके हैं। इससे पता चलता है कि वह अपने इलाके में बेहद लोकप्रिय हैं।

**संघ के प्रचारक थे फडणवीस के पिता-** फडणवीस के बारे में कहा जाता है जब इंदिरा गांधी की सरकार ने 1975 में इमरजेंसी लगा दी थी तो उन्होंने इंदिरा कान्वेंट स्कूल में आगे की पढ़ाई करने से इनकार कर दिया और अपना नाम वहां से कटवा लिया क्योंकि उनके पिता को इंदिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल के विरोध के दौरान जेल में डाल दिया था। इसके बाद उन्होंने सरस्वती विद्यालय में दाखिला लिया और आगे की पढ़ाई की। देवेंद्र फडणवीस के पिता गंगाधर राव आरएसएस के प्रचारक और जनसंघ के नेता थे।

फडणवीस स्कूल के दिनों से ही राजनीति में जाना चाहते थे। कॉलेज की पढ़ाई के दौरान ही बीजेपी संगठन में वार्ड संयोजक के रूप में फडणवीस ने काम किया। 22 साल की उम्र में ही वह नागपुर में पार्षद बन गए थे। फडणवीस 1997 में सिर्फ 27 साल की उम्र में नागपुर के सबसे युवा मेयर बन गए थे।

**1999 में पहली बार बने विधायक-** फडणवीस 1999 में पहली बार महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए। अपनी राजनीतिक समझ और कामकाज के तरीके के बलबूते फडणवीस बहुत कम समय में राज्य में बीजेपी के बड़े चेहरे बन गए। फडणवीस की क्षमताओं को देखते हुए ही बीजेपी ने उन्हें 2013 में प्रदेश का अध्यक्ष बनाया। 2014 में बीजेपी को महाराष्ट्र में बड़ी जीत मिली थी तब पार्टी ने 122 सीटें जीती थी। इस शानदार प्रदर्शन के बाद मोदी और शाह ने फडणवीस का कद बढ़ाया और उन्हें महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाया। देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता रानाडे फडणवीस अभिनेत्री होने के साथ-साथ गायिका भी हैं। उनकी एक बेटी है जिसका नाम दिविजा फडणवीस है।

फडणवीस ने विपक्ष में रहते हुए सिंचाई घोटाले को उजागर किया। उनके नेतृत्व में महाराष्ट्र में बुनियादी ढांचे को लेकर काफी काम हुआ। उनकी सरकार में शुरू की गई जल युक्त शिवार जैसी पहल ने राज्य में जल प्रबंधन के क्षेत्र में बहुत काम किया। मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग जैसी बड़ी परियोजना के साथ ही पुलिस सुधारों की शुरुआत करने के लिए भी फडणवीस को जाना जाता है। फडणवीस 44 साल की उम्र में ही पहली बार महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री बन गए थे। वह शरद पवार के बाद इस राज्य के दूसरे सबसे युवा मुख्यमंत्री थे।

**हिंदू मतदाताओं को किया एकजुट-** फडणवीस ने अपने पहले कार्यकाल में महाराष्ट्र की कठिन राजनीति की चुनौतियों को बेहद संयम के साथ हल किया और इस बार विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान बीजेपी संगठन और आरएसएस के नेताओं के साथ मिलकर काम किया। फडणवीस ने पूरे महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं को एकजुट किया। उन्होंने मतदाताओं से वोट जिहाद के बदले वोट धर्म युद्ध करने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारे 'एक हैं तो सेफ हैं' को भी महाराष्ट्र में लोगों के बीच पहुंचाया।

## वर्ग पहेली 5574

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | 9 | | |
| 10 | | | 11 | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | |
| ■ | ■ | 15 | ■ | 16 | | | ■ |
| ■ | 17 | | 18 | | ■ | 19 | 20 |
| 21 | | | | ■ | 22 | | |
| ■ | 23 | | ■ | 24 | | ■ | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 15 जुलाई 2011 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने पीएसएलवीसी 17 के जरिए जी सेट-2 ए का यहां से सफल प्रक्षेपण किया (5)
5. महिला, स्त्री, औरत (2)
7. सुपर स्टार सलमान खान की जन्म भूमि मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
8. जिसकी मंद बुद्धि हो (4)
10. कृपा करना, दया करना (4)
12. पुराणानुसार पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न हो, लोग, जनता (2)
14. आकृति के अनुसार बनाया गया चित्र (2)
16. चंद्रमा, चांद, कौमुदी, चांदनी (4)
19. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट स्थित देश (2)
21. लूट का माल, संतोष की बात (2)
22. रिवाल्वर को अंग्रेजी में यह कहते है (3)
23. पदप्रहार, ठोकर, पदाघात (2)
24. भाई, सहोदर, भ्राता (2)

**ऊपर से नीचे**

1. महोदय, पुरुषों के नाम के पूर्व लगने वाला आदर सूचक शब्द (3)
2. मिष्ठान बनाकर बेचने वाला व्यवसायी (4)
3. रस्म, प्रथा, रीति (3)
4. लकड़ी, भूसा आदि बेचने की दुकान (2)
5. किसी वस्तु, प्राणी आदि का बोधर सूचक शब्द (2)
6. परिपाटी, अनुकुल, प्रथागत (4)
9. अनाज को खाकर खोखला या पोला करने वाला एक छोटा कीड़ा (2)
11. गर्व, घमंड, फख्र (2)
13. दीवार में चोरी करने के लिए बनाया गया छेद (3)
14. यह हंगरी देश की राजधानी है (4)
15. कमर में लपेटकर पहनने वाला एक प्रकार का परिधान (4)
17. 7100 द्वीपों वाले पुंज फिलीपींस की यह राजधानी है (3)
20. रैखिक मापी, फुटा, नपैना, नापी (3)
22. पिता, जनक (संस्कृत) (2)

### वर्ग पहेली 5573 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | ला | ई | ला | मा | ■ | अ | ■ |
| स | म | ■ | ला | न | टे | नि | स |
| दि | ■ | ता | रा | ■ | क | ल | मी |
| व | न | रा | ज | ■ | नो | ■ | र |
| सी | न | ■ | प | ह | ला | ■ | ■ |
| य | ■ | ना | त | ■ | जि | ■ | मां |
| ■ | अ | क | रा | ■ | स्ट | डी | ■ |
| त | क्ष | ■ | य | क्ष | ■ | न | ध्ज |

# समुंदर लौटकर आया... अभिमन्यु ने तोड़ा चक्रव्यूह

(अभिनय आकाश)

भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने मुंबई में एक ब्लॉकबस्टर कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पांच साल बाद मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस की वापसी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 दिसंबर 2024 गुरुवार को आजाद मैदान में सीएम शपथ समारोह में शामिल हुए। इसके अलावा एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

**42 साल की उम्र बन गए थे सीएम-** 1925 में आरएसएस का गठन हुआ था और 99 साल बाद आरएसएस के गढ़ नागपुर से निकलकर तीसरी बार देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। महाराष्ट्र देश का 14वां ऐसा राज्य बन गया जहां बीजेपी का अपना मुख्यमंत्री बना है। 38 साल की उम्र में शरद पवार ने मुख्यमंत्री की शपथ ली थी। वहीं 42 साल की उम्र में 2014 में पहली बार फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने मुंबई में एक ब्लॉकबस्टर कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पांच साल बाद मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस की वापसी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजाद मैदान में समारोह में शामिल हुए। इसके अलावा एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

**समुंदर लौटकर आया-** देवेंद्र फडणवीस ने सदन में कहा था कि मेरा पानी उतरता देख मेरे किनारे पर घर मत बसा लेना, मैं समंदर हूं लौटकर वापस आऊंगा ! बताया जा रहा है कि जब महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी सरकार बनी थी, तब फडणवीस ने यह शेर विधानसभा में पढ़ा था। गौरतलब है कि महाराष्ट्र की सियासत में पिछले पांच दशक में बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस को छोड़कर कोई भी मुख्यमंत्री अपने पांच साल का कार्यकाल नहीं पूरा कर सका है।

**आज के अभिमन्यु ने तोड़ा चक्रव्यूह-** मैं आधुनिक युग का अभिमन्यु हूं और चक्रव्यूह तोड़ना जानता हूं। बीजेपी नेता ने कहा था कि हमने उस चक्रव्यूह को खत्म कर दिया है, जिसे हमारे खिलाफ रचा गया था। इस चुनाव में एक धर्म विशेष के ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया था, लेकिन वह कामयाब नहीं हुआ। हमें सभी साधु-संतों का भी आशीर्वाद मिला और उन्होंने एक रहने का संदेश दिया। हमारे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजित पवार और सभी छोटे दलों ने भी मिलकर काम किया। महायुति की यह जीत है। मैं पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके कारण यह जीत मिली है। इसके अलावा होम मिनिस्टर अमित शाह जी का भी आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने यहां समय दिया और जीत दिलाई।

**कैसे मान गए शिंदे -** देवेंद्र फडणवीस के नाम पर एकनाथ शिंदे आखिरकार तैयार हो ही गए। यह संयोग ही है कि ढाई साल पहले जिस राजभवन के हॉल से देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद के लिए एकनाथ शिंदे के नाम का ऐलान किया था उसी हाल से शिंदे ने फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने पर रजामंदी दी। राजनीति विशेषज्ञ कहते हैं कि सरकार में शामिल होने के अलावा शिंदे के पास कोई विकल्प नहीं है। उनकी शिवसेना में मंत्री बनने वाले विधायकों की लंबी लिस्ट है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत अचानक से रुका धन हाथ लगेगा। आपकी धर्म में आस्था बढ़ेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा। आपका नए संपर्क से सितारा बुलंद होगा और कारोबार में आपकी तरक्की होगी।

### वृष

आज दिन करियर के लिहाज से बेहद शुभ है। आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी तो आप फूले नहीं समाएंगे। आपकी खुशी बढ़ेगी और रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने से आपको प्रसन्नता का अनुभव होगा।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा। जो काम जोखिम भरे हैं, उन्हें करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। किसी संकट में फंस सकते हैं, इसलिए अपने काम पर ध्यान दें, वरना नुकसान हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक

आज दिन काफी व्यस्त रहेगा। घरेलू और व्यावसायिक माहौल में काफी थकान हो सकती है। कई तरह के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं, लेकिन धैर्य से काम लें। अपनी कार्यकुशलता से आप अपनी परेशानियां कम कर पाएंगे और ऑफिस में लोग आपकी मदद करेंगे।

### मिथुन

आज दिन करियर में सफलता दिलाने वाला है। आप जो भी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। धन-संपत्ति में वृद्धि होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। घर में भाइयों के साथ जमीन जायदाद का विवाद हल हो सकता है, किसी भी मामले में बहुत ही संभलकर रहें।

### कर्क

आज करियर के मामले में सफलता लेकर आया है। ग्रहों के शुभ योग से आपको लाभ होगा। किसी महान व्यक्ति के आशीर्वाद से आपको करियर में सफलता मिलेगी। कोई कीमती वस्तु अचानक मिल सकती है, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### धनु

आज दिन लाभ से भरा होगा। आप जिस प्रतियोगिता या परीक्षा को पास करना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आप जिस तरह से अपनी रणनीति बना रहे हैं, उससे लगता है कि आपके प्रयास सफल होंगे। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात में किसी की सेहत को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मकर

आज दिन शुभ है। आपका मूड सुबह से अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने को तैयार रहेंगे। परिस्थितियां जब अनुकूल होने लगती हैं तो सभी काम बनने लगते हैं और आप सफलता की ओर बढ़ते हैं। व्यर्थ की भागदौड़ और तनाव भी कम होने लगेगा और आपके लिए तरक्की के योग बनेंगे।

### सिंह

आज करियर में हर काम संभलकर करने की जरूरत है। आपको हर विवाद से बचने की सलाह है। आप अपने प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। व्यापार में अचानक उम्मीद से ज्यादा लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। संतान पक्ष से भी अच्छी खबर मिलेगी।

### कन्या

आज दिन लाभ से भरा होगा और आर्थिक मामलों में योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक मामलों में सुखद रहेगा। काफी समय से जो असमंजस चल रहा था, आज उसका अंत होगा और निराशा भी दूर होगी। जिस कारण से आपके काम नहीं बन रहे थे, आज वह बाधा दूर हो जाएगी तो आपको रचनात्मक कार्यों में तेजी आएगी।

### कुंभ

आज दिन व्यस्त रहेगा। आपके सामने कई काम एक साथ आएंगे। आपके विरोधी भी कुछ ऐसी हरकतें कर सकते हैं जिससे आपको गुस्सा आएगा। लेकिन खुद को शांत रखें और अपने काम पर ध्यान दें। अगर आपको अपनी स्थिति स्पष्ट करनी है तो अपने वरिष्ठ अधिकारी को बताएं। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### मीन

आज करियर में लाभ मिलेगा और नौकरी के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। नौकरी को संभालकर करें। व्यापार के विस्तार के लिए समय अनुकूल है। आपको बाहर से भी सुविधाएं मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में भी लाभ होगा। करियर में आपको बड़ा लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं और भाग्य साथ देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि आज जब देश उनके योगदान को याद कर रहा है तो वे उनकी दृष्टि को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराते हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महापरिनिर्वाण दिवस पर, हम अपने संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को नमन करते हैं। उन्होंने कहा, ''समानता और मानवीय गरिमा के लिए डॉ. आंबेडकर का अथक संघर्ष पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है। आज, जब हम उनके योगदान को याद कर रहे हैं, हम उनकी दृष्टि को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं।'' प्रधानमंत्री ने इस पोस्ट के साथ ही इस साल की शुरुआत में मुंबई में चैत्य भूमि की अपनी यात्रा से जुड़ी एक तस्वीर भी साझा की और लिखा, 'जय भीम'। आंबेडकर की पुण्यतिथि हर वर्ष छह दिसंबर को मनाई जाती है। इसे 'महापरिनिर्वाण दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। बाबासाहेब आंबेडकर का निधन छह दिसंबर, 1956 को नयी दिल्ली में हुआ था।

### मणिपुर : इंफाल पश्चिम में प्रतिबंधित संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने जबरन वसूली और अवैध हथियार रखने के आरोप में इंफाल पश्चिम जिले से प्रतिबंधित संगठन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार फयेंग इलाके में बृहस्पतिवार को पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने तलाश अभियान के दौरान कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। टीम ने उनके पास से एक देसी पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया। बयान में कहा गया, ''वे जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे।'' बयान के अनुसार, कांगचुप में उनके ठिकानों की तलाशी के दौरान अवैध हथियार बनाने का साजो सामान भी मिला।

### गुरुग्राम : चिकित्सा सहायक ने इमारत की सातवीं मंजिल से छलांग लगाई, इलाज के दौरान मौत

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम में 21 वर्षीय चिकित्सा सहायक ने एक आवासीय सोसायटी की इमारत की सातवीं मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगा दी जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बिहार की मूल निवासी जूली चिकित्सा सहायक के तौर पर काम करती थी और एक बुजुर्ग दंपति की सहायता रही थी, जिनका बेटा विदेश में रहता है। पुलिस ने बताया कि एक दिसंबर को रात करीब 8 : 30 बजे उसने इमारत की सातवीं मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस ने बताया कि वह गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया, मृतका के परिवार वालों ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उसका शव उन्हें सौंप दिया गया है और जांच जारी है।

### नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में थाना सेक्टर 113 पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया, जिसकेपास से विभिन्न जगहों से लूटे हुए सात मोबाइल फोन, वारदातों में इस्तेमाल होने वाली मोटरसाइकिल, देसी तमंचा बरामद किया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने स्वीकार किया कि वे लूटपाट के दर्जनों मामलों में शामिल रहे हैं। आरोपियों की पहचानऋषभ और नरेश के रूप में हुई है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि थाना सेक्टर 113 पुलिस बृहस्पतिवार की रात परथला चौक के पास जांच कर रही थी तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि शक होने पर पुलिस ने बदमाशों को रुकने का इशारा किया लेकिन वे भागने लगे। उन्होंने बताया कि पीछा करके पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि खुद को घिरा हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भीजवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई। कुमार ने बताया कि ऋषभ और नरेश के पैर में गोली लगी, जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बाबासाहेब के आदर्शों और विचारों की रक्षा करने की ज़रूरत : खरगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शुक्रवार को कहा कि बाबासाहेब के आदर्शों और विचारों की रक्षा करना आज के दौर की सख्त जरूरत है। खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बाबासाहेब डॉ. आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर, हम संविधान और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।'' उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लोकतांत्रिक मूल्यों की वकालत करने के लिए समर्पित कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''उनके आदर्शों और विचारों के साथ-साथ राष्ट्र - भारत के संविधान - के लिए उनके सर्वोत्तम योगदान की रक्षा, संरक्षण और सुरक्षा करना समय की सख्त जरूरत है।'' आम्बेडकर की पुण्यतिथि को हर साल छह दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। बाबासाहेब का निधन छह दिसंबर 1956 को नयी दिल्ली में हुआ था।

# बदलेगा 90 साल पुराना कानून, वायुयान विधेयक 2024 को मिली राज्यसभा की मंजूरी, सस्ती होगी हवाई यात्रा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चल रहे शीतकालीन सत्र के बीच, संसद ने एक विधेयक पारित किया जो विमान अधिनियम, 1934 को प्रतिस्थापित करने का प्रयास करता है और विमानन क्षेत्र में निर्माण और रखरखाव, अतिरेक को दूर करने और व्यापार करने में आसानी प्रदान करता है। भारतीय वायुयान विधायक, 2024 के नाम से जाना जाने वाला विधेयक राज्यसभा में नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू की चर्चा के जवाब के बाद ध्वनि मत से पारित हो गया। लोकसभा ने विधेयक को नौ अगस्त को पहले ही पारित कर दिया था। मंत्री ने हवाई टिकट की कीमतों में वृद्धि सहित कई मुद्दों पर सदस्यों के सवालों के जवाब दिए।

राममोहन नायडू ने कहा कि कहा कि विमानन क्षेत्र में लोगों को होने वाली परेशानियों से वह पूरी तरह वाकिफ हैं क्योंकि मंत्री बनने से पहले वह सांसद थे और उससे पहले एक यात्री। उन्होंने कहा कि किराए में जो अनियमिताएं हैं, उसके हरसंभव समाधान का हम प्रयास कर रहे हैं। टैरिफ मॉनिटरिंग यूनिट को और मजबूत किया जा रहा है। कीमतों के बारे में एयरलाइन कंपनियों को भी संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हवाई चप्पल से हवाई सफर कराने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना आधा सच हो गया है और इसे पूरा करने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की तरफ से मेरा वादा है। नायडू ने कहा कि यात्री किराए का अधिकांश



हिस्सा... तकरीबन 45 प्रतिशत... ईंधन की कीमतों में जाता है और ईंधन पर वैट राज्य सरकारें तय करती हैं।

विधेयक की बड़ी बात

- यह बिल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुरक्षा, नियामक निरीक्षण और उपभोक्ता संरक्षण बढ़ाने पर केंद्रित है।
- यह विधेयक विमान निर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है, निवेश को प्रोत्साहित करता है और नागरिक उड्डयन अधिकारियों के लिए मजबूत शासन संरचना स्थापित करता है।
- इसका उद्देश्य विमान और संबंधित उपकरणों के डिजाइन, निर्माण और रखरखाव के लिए प्रावधान करना है।
- यह विधेयक व्यापार में आसानी प्रदान करने के लिए रेडियो टेलीफोन ऑपरेटर (प्रतिबंधित) प्रमाणपत्र और लाइसेंस जारी करने को विनियमित करने के लिए केंद्र सरकार को सशक्त बनाने का प्रयास करता है।
- इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन और नागरिक उड्डयन सुरक्षा से संबंधित अन्य मामलों से संबंधित कन्वेंशन को लागू करने के लिए नियम बनाने के लिए सरकार को सशक्त बनाना है।
- विधेयक अस्पष्टताओं और अतिरेक को दूर करने के अलावा अधिनियम या नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए कारावास, जुर्माना या दंड का प्रावधान करता है।
- यह विमान अधिनियम, 1934 को निरस्त करने और प्रस्तावित कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नियामक प्रावधानों का भी प्रावधान करता है।
- विधेयक में केंद्र सरकार को सार्वजनिक सुरक्षा या शांति के हित में आपात स्थिति में आदेश जारी करने, हानि या क्षति के लिए मुआवजे का भुगतान अधिनियम के तहत प्रदान किए गए तरीके से करने का अधिकार देने का भी प्रावधान किया गया है।
- विधेयक में मुआवजे, लाइसेंस, प्रमाणपत्र या अनुमोदन और दंड के निर्णय से संबंधित मामलों के खिलाफ अपील करने का भी प्रावधान है।

### तेलंगाना सरकार का लक्ष्य महिला स्वयं सहायता समूहों की एक करोड़ सदस्यों को करोड़पति बनाना : रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा है कि उनकी सरकार महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की एक करोड़ सदस्यों को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल करके उन्हें करोड़पति बनाने की योजना पर काम कर रही है। रेड्डी ने राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा के साथ बृहस्पतिवार को यहां महिला स्वयं सहायता समूहों के 'इंदिरा महिला शक्ति बाजार' का उद्घाटन करने के बाद कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं लागू कर रही है, जिनमें सरकारी बसों में उनके लिए मुफ्त यात्रा, 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति, गरीबों के लिए 200 यूनिट तक बिजली की नि : शुल्क आपूर्ति और 'इंदिरा महिला शक्ति' भोजनालय जैसी पहल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं सहायता समूहों को सौर ऊर्जा संयंत्र भी आवंटित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में स्वयं सहायता समूहों में सदस्यों की कुल संख्या 65 लाख है और इसे एक करोड़ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इसे एक करोड़ बनाना आपकी जिम्मेदारी है। एक करोड़ (महिलाओं) को करोड़पति बनाना मेरी जिम्मेदारी है।'' रेड्डी ने कहा कि अगले साल वह 10 अविभाजित जिलों का दौरा करेंगे और प्रत्येक जिले में एक लाख महिलाओं के साथ बैठकें करेंगे।

### नए जिले, उपमंडल और तहसील बनाने के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन, 3 महीने में सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** हरियाणा में नए जिले, उप मंडल, तहसील और उप तहसील बनाने के लिए 4 सदस्यीय कमेटी का गठन हुआ है। यह कमेटी तीन महीने में अध्ययन करके हरियाणा का सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। भारतीय जनता पार्टी शासित हरियाणा में नए जिले, उप मंडल, तहसील और उप तहसील बनाने के लिए इस चार सदस्यीय कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को बनाया गया है। जरूरत पड़ने पर कमेटी कुछ विधायकों को भी जोड़ सकती है। प्रदेश में नए जिले, उपमंडल, तहसील और उप-तहसील बनाने की कवायद फिर से शुरू हो गई है। इसको लेकर बनाई गई कमेटी जिला, तहसील और कस्बों की प्रशासनिक सीमा में बदलाव को लेकर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। कमेटी बनाने का आदेश वित्तायुक्त राजस्व और राजस्व एवं आपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की तरफ से जारी किया गया है।



जरूरत के हिसाब से कुछ विधायकों को भी कमेटी में शामिल करने पर सोचा जा सकता है। वहीं, इन सबके अलावा वित्तायुक्त और विकास एवं पंचायत विभाग के प्रधान सचिव रिपोर्ट तैयार करने में कमेटी की मदद करेंगे। ज्ञात हो कि इससे पहले इस कार्य के लिए एक कमेटी बनाई गई थी। दरअसल, विधानसभा चुनाव से पहले जून में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर की अध्यक्षता में कमेटी बनी थी। इसमें जय प्रकाश दलाल, महिपाल ढांडा और सुभाष सुधा मौजूद थे। लेकिन कंवर पाल गुर्जर, जेपी दलाल और सुभाष सुधा के चुनाव हारने की वजह से सैनी सरकार को इस कमेटी का पुनर्गठन करना पड़ा।

करनाल के असंध, सिरसा के डबवाली, गुरुग्राम के मानेसर और हिसार के हांसी को काफी लंबे वक्त से जिला बनाने की मांग चली आ रही है। हालांकि वर्तमान में हांसी और डबवाली पुलिस जिले हैं और उनको सामान्य जिला बनाने में ज्यादा व्यवधान उत्पन्न नहीं होगा।

### असम कैबिनेट का विस्तार 7 दिसंबर को, चार मंत्री बनाए जाएंगे

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम मंत्रिमंडल का विस्तार 7 दिसंबर को किया जाएगा. मंत्रिमंडल में चार विधायकों को शामिल किया जाएगा. इसकी सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने पुष्टि की है. इसीक्रम में कैबिनेट विस्तार का रास्ता साफ करते हुए, असम के श्रम और चाय जनजाति कल्याण मंत्री संजय किशन ने गुरुवार को कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया. किशन को दिल्ली बुलाया गया था. वहीं सीएम सरमा ने एक्स में की अपनी पोस्ट में कहा है कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे हमारे मंत्रिमंडल में विधायक प्रशांत फूकन, कौशिक राय, कृष्णेंदु पॉल और रूपेश गोआला मंत्री के रूप में शपथ लेंगे.

बता दें कि प्रशांत फूकन डिब्रूगढ़ विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं. इसी तरह कृष्णेंदु पॉल बराक घाटी में पाथरकांडी का प्रतिनिधित्व करते हैं और रूपेश गोआला डूम डूमा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं. गोआला चाय जनजाति समुदाय से आते हैं. असम के मुख्यमंत्री ने बुधवार को घोषणा की थी कि 7 दिसंबर को मंत्रिमंडल विस्तार होगा. यहां यह उल्लेख करना उचित होगा कि असम में मंत्रिपरिषद का आकार मुख्यमंत्री सहित 18 होना चाहिए. लोकसभा चुनाव के बाद सरमा ने कहा था कि वह इस साल 15 अगस्त तक मंत्रिमंडल में फेरबदल करेंगे. असम में अगले दौर के विधानसभा चुनाव 2026 की शुरुआत में होने हैं।

## एक साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश करेंगे : विष्णुदेव साय

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एक साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश करेंगे। एक साल पूरा करने के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इनके बारे में भी सीएम साय ने विस्तार से बताया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, एक साल में हमारी सरकार की जो भी उपलब्धि है, सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के लिए बीते एक साल के दौरान जो विकास कार्य किए हैं। हम लोग अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। सीएम ने विभिन्न कार्यक्रमों का जिक्र किया। बोले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बस्तर ओलंपिक और पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होंगे। हम लोगों ने दिल्ली आकर उन्हें आमंत्रण दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निमंत्रण स्वीकार कर समारोह में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी है। वहीं, नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ पर मुख्यमंत्री ने कहा, जिस तरह से पिछले एक वर्ष से उनके साथ मजबूती से लड़ाई लड़ी जा रही है इससे नक्सली बौखलाए हुए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पर पोस्ट कर लिखा गया, नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए हमारे जांबाज, प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार सोरी की शहादत को नमन करता हूं। शहीद बिरेंद्र कुमार सोरी नक्सल ऑपरेशन में वीरतापूर्ण कार्य के लिए पूर्व में आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत पुण्यात्मा को शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले हर देशभक्त का त्याग और बलिदान, हमें देश की रक्षा के प्रति प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्र आपकी वीरता और समर्पण का



सदैव ऋणी रहेगा। एक दूसरे पोस्ट में लिखा गया कि शासन की योजनाओं से प्रभावित होकर सुकमा में एक महिला समेत 7 नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों के सामने आत्मसमर्पण किया है। भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुनर्वास नीति के तहत इन्हें सुविधाएं दी जाएंगी। 3 दिसंबर 2023 को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए थे। भाजपा ऐतिहासिक जीत के साथ सत्ता पर काबिज हुई थी। 13 दिसंबर को साय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। एक साल पूरा होने पर सरकार ने अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखने का फैसला किया है।

### नगालैंड में 34 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ नष्ट किए गए

**दीमापुर , एजेंसी।** नगालैंड पुलिस ने दीमापुर में 34 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ नष्ट किए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ निस्तारण समिति (डीडीसी) ने जब्त किए गए मादक एवं मन : प्रभावी पदार्थों को बृहस्पतिवार को दीमापुर नगर परिषद के 'डंपिंग ग्राउंड' में नष्ट किया। नष्ट किए गए मादक पदार्थ में 'ब्राउन शुगर' और हेरोइन, क्रिस्टल मेथ तथा अफीम शामिल हैं। 'मेथाम्फेटामाइन' को मेथ भी कहते हैं और यह एक तेज तथा बेहद नशीला पदार्थ है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। अधिकारी ने कहा, ''इन प्रतिबंधित पदार्थों को सीपी दीमापुर के अंतर्गत पुलिस थानों में स्वापक औषधि एवं मन : प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के तहत दर्ज 79 मामलों में जब्त किया गया था।'' उन्होंने बताया कि नष्ट किए जाने का यह कार्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया।



## जान बचाने वाले एएसआई की तस्वीर शेयर कर भावुक हुए सुखबीर सिंह बादल

**अमृतसर, एजेंसी।** अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में जानलेवा हमले के बाद शिरोमणि अकाली दल प्रमुख और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल बाल-बाल बच गए। उन्होंने अपनी जान बचाने वाले दो पुलिस अधिकारियों को गले लगा लिया। एक पूर्व आतंकवादी नारायण सिंह चौड़ा ने बादल पर गोली चलाई थी, लेकिन सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हमलावर को काबू में कर लिया था। बादल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एएसआई जसबीर सिंह और हीरा सिंह की तस्वीरें पोस्ट कीं जो उनकी सुरक्षा में शामिल हैं। बादल ने पोस्ट में लिखा, किसी की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालना कोई आसान बात नहीं है। एएसआई जसबीर सिंह और एएसआई हीरा सिंह दोनों ही प्रकाश सिंह जी बादल के समय से हमारे परिवार का हिस्सा रहे हैं। बादल ने कहा, मेरा परिवार और मैं कल उनके द्वारा दिखाए गए साहस का ऋण नहीं चुका सकते। भगवान उन्हें लंबी आयु, अच्छा स्वास्थ्य और सभी खुशियां दें। बता दें कि चौड़ा को गुरुवार को अमृतसर की एक अदालत ने तीन दिन की पुलिस हिरासत में



भेज दिया। उसे कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया था। बचाव पक्ष के वकील ने अमृतसर में संवाददाताओं को बताया कि पंजाब पुलिस ने सात दिन की हिरासत मांगी थी, चौड़ा को आठ दिसंबर को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा। एडवोकेट ने कहा कि चौड़ा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 और शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। चौड़ा ने पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री बादल को निशाना बनाकर नजदीक से गोली चलाई, जिसके बाद सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे काबू कर लिया। यह घटना वहां मौजूद मीडियाकर्मियों के कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। सुखबीर पंजाब में 2007 से 2017 के बीच अकाली दल शासन के दौरान सरकार की 'गलतियों' के लिए धार्मिक प्रायश्चित के तौर पर स्वर्ण मंदिर के मुख्य द्वार पर दूसरे दिन 'सेवादार' के रूप में सेवा कर रहे थे।

## फर्जी बीईएमएस डिग्री रैकेट का भंडाफोड़, 14 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

**सूरत, एजेंसी।** गुजरात के सूरत में फर्जी बैचलर ऑफ इलेक्ट्रो-होम्योपैथी मेडिसिन एंड सर्जरी डिग्री रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है. सूरत पांडेसरा पुलिस ने 14 फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो लोग भी शामिल हैं जो पूरे गुजरात में झोलाछाप डॉक्टरों को फर्जी प्रमाणपत्र मुहैया करा रहे थे. बताया जाता है कि पांडेसरा पुलिस ने गुजरात में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है. पांडेसरा पुलिस ने सूरत के डॉ. रसेश गुजराती और अहमदाबाद से बीके रावत को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपी अब तक 1200 से ज्यादा लोगों को ऐसी फर्जी डिग्रियां बांट चुके हैं. इतना ही नहीं आरोपियों के द्वारा महज 70,000 से 80,000 रुपये लेकर बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी की डिग्री प्रदान कर दी जाती थी.

**1,200 से अधिक फर्जी डॉक्टरों की पोल खुलेगी :** आरोपियों ने पिछले 20 वर्षों में केवल आठवीं या दसवीं कक्षा की शिक्षा वाले 1,200 से अधिक लोगों को फर्जी डिग्री के साथ डॉक्टर बनाया है. बताया जाता है कि जिसने भी रुपया दिया, उसे एक सप्ताह के भीतर प्रमाणपत्र दे दिया गया. आरोपी झोलाछाप डॉक्टर बनाने से पहले उस शख्स को दो-पांच दिन के लिए अपने ऑफिस में बुलाते थे और ट्रेनिंग या प्रमोशन देने का झांसा देते थे.

**फर्जी डिग्री से सुरक्षा का सर्टिफिकेट :** फर्जी डिग्री देकर भी शुरू किया वसूली का धंधा. जिसमें उन्होंने दो मॉडल पर काम किया गया. एक मॉडल में, डिग्री चाहने वाले से प्रति वर्ष 5,000 रुपये का नवीनीकरण शुल्क लिया जाता था. दूसरे मॉडल में, प्रमाणपत्र धारक को प्रति माह 5,000 रुपये का भुगतान करना होता था, जिसके बदले में उसे पुलिस और कानून से सभी सुरक्षा का वादा किया गया था. फिलहाल आरोपी रसेश गुजराती और बी. के. रावत पांडेसरा पुलिस हिरासत में हैं. पुलिस ने मुख्य दो आरोपियों, पैसे वसूलने के लिए नियुक्त किए गए दो व्यक्तियों और जबरन वसूली और धोखाधड़ी सहित अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज की है और आगे की जांच कर रही है.



## गति वही है, केवल हमारी भूमिकाएं बदल गई हैं : मुख्यमंत्री फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पांच साल बाद मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस की वापसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजाद मैदान में समारोह में शामिल हुए। वहीं, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ लेने के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ उनके उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने मंत्रालय में छत्रपति शिवाजी महाराज और डॉ. बीआर अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद देवेंद्र फडणवीस ने पुणे के मरीज चंद्रकांत शंकर कुरहाडे को अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण उपचार के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए हस्ताक्षर किए। वहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कोलाबा में शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इन तमाम प्रक्रियाओं के बाद फडणवीस ने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। फडणवीस ने कहा कि



पिछले 2.5 साल में हमने महाराष्ट्र के विकास के लिए काम किया है और यहां से भी हम महाराष्ट्र के विकास के लिए काम करेंगे और हम अब नहीं रुकेंगे, दिशा और गति वही है, बस हमारी भूमिकाएं बदल गई हैं। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र की भलाई के लिए फैसले लेंगे। हम उन कार्यों को पूरा करना चाहते हैं जिनका उल्लेख हमने अपने घोषणा पत्र में किया है। शपथ ग्रहण के बाद राज्य कैबिनेट की पहली बैठक में देवेंद्र फड़नवीस ने प्रशासन को और अधिक तेजी और जोश के साथ काम करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि आइए अब गति बढ़ाएं और गहराई तक जाकर और अच्छे निर्णय लेकर सतत विकास कैसे हासिल किया जाए, इस दृष्टिकोण से काम करें। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र सामाजिक, बुनियादी ढांचे, औद्योगिक क्षेत्रों में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं नहीं मानता कि (सरकार बनाने में) ऐसी कोई देरी हुई है। इससे पहले भी 2004 में करीब 12-13 दिन की देरी हुई थी। 2009 में करीब 9 दिन की देरी हुई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें यह समझना होगा कि जब गठबंधन सरकार होती है तो कई फैसले लेने पड़ते हैं। गठबंधन सरकार में परामर्श बहुत बड़े पैमाने पर करना पड़ता है। हमने वह परामर्श कर लिया है और हमने पोर्टफोलियो को भी लगभग अंतिम रूप दे दिया है, कुछ बाकी है, हम वह भी करेंगे। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे और अजित पवार मेरे साथ हैं। लोग एक स्थिर सरकार चाहते हैं, इसलिए उन्होंने हमें चुना है और हम साथ रहेंगे और काम करेंगे। हम माझी लड़की बहिन योजना जारी रखेंगे। हम जल्द ही महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव करेंगे क्योंकि कैबिनेट ने 7-8 दिसंबर को एक विशेष सत्र आयोजित करने का फैसला किया है। 9 दिसंबर को राज्यपाल का अभिभाषण होगा।

## मांजरेकर ने बताया कोहली के टेस्ट औसत गिराने का कारण, दूसरे टेस्ट में आउट होने के बाद खोला राज



**एडीलेड, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की ऑफ स्टंप के बाहर अपनी कमजोरी को दूर करने का तरीका नहीं तलाशने की 'जिद के कारण उनका महत्वपूर्ण औसत 50 से घटकर 48.13 पर आ गया है। कोहली ने बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में पर्थ में खेले गये शुरुआती टेस्ट में शतक लगाकर खेल के पारंपरिक प्रारूप में लंबे समय से चले आ रहे शतकों के सूखे को खत्म किया था।

वह हालांकि शुक्रवार को यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट में अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और सात रन पर आउट हो गए। कोलकी वामहस्त तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की ऑफ स्टंप के बाहर उछाल लेती गेंद पर बल्ला अड़ा कर स्लिप में स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। कोहली के आउट होने के बाद मांजरेकर ने ट्विटर पर लिखा, 'विराट का औसत अब 48 के आसपास पहुंचने का एक महत्वपूर्ण कारण ऑफ स्टंप के बाहर की कमजोरी है। इससे भी बड़ी बात यह है कि वह इससे निपटने के लिए कोई अन्य तरीका न अपनाने की जिद पर अड़े हैं। कुछ साल पहले तक टेस्ट में कोहली का औसत 54-55 के आसपास था लेकिन लंबे समय तक बड़ी पारी खेलने में विफल रहने के कारण 2022 में उनका औसत 50 के नीचे गिर गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू श्रृंखला में 15.50 की औसत से सिर्फ 93 रन बनाए थे।

## 7 से 10 किलो वजन कम करें, पूर्व चयनकर्ता ने पृथ्वी शॉ के लिए भेजा पूरी तरह से बदलाव का संदेश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वी शॉ निश्चित रूप से अपने क्रिकेट करियर के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। अगला सचिन तेंदुलकर कहे जाने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज को पिछले महीने सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। शॉ को आईपीएल नीलामी में 75 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहने से पहले मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से भी बाहर कर दिया गया था। 2018 अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान को बड़े प्लेयर के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हुई घटनाओं ने उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के विचार से बाहर कर दिया है। वह वर्तमान में चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेल रहे हैं, लेकिन अपने खेल से अब तक प्रभावित करने में विफल रहे हैं।

पूर्व बीसीसीआई चयनकर्ता जतिन परांजपे को लगता है कि युवा खिलाड़ी को अपनी मानसिक सोच में पूरी तरह बदलाव की जरूरत है। परांजपे ने अपने कॉलम में इस बाबत अपनी राय साझा की। परांजपे ने यह भी बताया कि शॉ को फिट होने के लिए कुछ वजन कम करने की जरूरत है। पूर्व बीसीसीआई चयनकर्ता ने कहा, अगर मैं पृथ्वी होता, तो मैं जल्दी से मूल्यांकन करता और निष्कर्ष निकालता कि फिटनेस एक बड़ी कमी है। इसके बिना क्रिकेट में उसका भविष्य अनिश्चित है। मैं इस पहलू पर जोर दूंगा, अगर वह ताकत खोए बिना 7 से 10 किलोग्राम वजन कम कर सकता है, तो यह एक महत्वपूर्ण शुरुआत होगी। उन्होंने कहा, अगर मैं उनकी जगह होता, तो मैं रामजी श्रीनिवासन के साथ चेन्नई में 10 दिन बिताता और अगले दो या तीन साल पूरी तरह से इस बदलाव के लिए समर्पित कर देता।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया डे-नाइट टेस्ट का पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम




**एडिलेड, एजेंसी।** मार्नस लाबुशेन ने नाथन मैकस्वीनी के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को सेंचुरी के करीब पहुंचाया। एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है। शुक्रवार को भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 180 रन ही बना सकी। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट खोकर 86 रन बना लिए, टीम 94 रन से ही पीछे है। ऑस्ट्रेलिया से नाथन मैकस्वीनी 38 और मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। भारत से इकलौता विकेट जसप्रीत बुमराह ने लिया, उन्होंने उस्मान ख्वाजा (13 रन) को कैच आउट कराया। दूसरे दिन का खेल शनिवार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। भारत ने मैच की पहली ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवा दिया था। शुभमन गिल ने 31 और केएल राहुल ने 37 रन बनाकर पारी संभाली। दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई, विराट कोहली 7 और रोहित शर्मा 3 ही रन बना सके। नीतीश रेड्डी ने 42, रवि अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया से मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट लिए। पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड को 2-2 विकेट मिले।

- **लाबुशेन-मैकस्वीनी नॉटआउट लौटे, भारत 180 पर ऑलआउट, 94 रन की बढ़त बाकी**

## मिचेल स्टार्क ने किया बड़ा कारनामा, 8 साल पुराना ये रिकॉर्ड कर दिया ध्वस्त

पिंक बॉल टेस्ट की शुरुआत भारत के लिए कुछ खास नहीं रही। भले ही रोहित शर्मा और शुभमन गिल की वापसी हो गई हो और प्लेइंग इलेवन में रविचंद्रन अश्विन को भी मौका दिया गया हो, लेकिन इसके बाद भी टीम इंडिया पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब नहीं हो पाई। बड़ी बात ये भी रही कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने आज घातक गेंदबाजी की और भारत के करीब करीब सभी बल्लेबाजों को परेशान किया। उन्होंने भारतीय टीम के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।




उनका ये भारत के खिलाफ पहली बार 5 विकेट हॉल है। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिया है और अपना ही करीब 8 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

### मिचेल स्टार्क ने मैच की पहली ही बॉल पर यशस्वी जायसवाल को किया आउट

मिचेल स्टार्क ने भारत को मैच की पहली ही बॉल पर बड़ा झटका दिया, जब उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को आउट कर दिया। इसके बाद टीम इंडिया के लिए केएल राहुल और शुभमन गिल ने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन वे भी बड़ी साझेदारी रचने में कामयाब नहीं हो पाए। बीच बीच में मिचेल स्टार्क आकर टीम इंडिया की बल्लेबाजी को डिरेल करते रहे। इसका का नतीजा रहा कि टीम इंडिया पहले दो सेशन में ही आउट हो गई और केवल 180 रन ही बना सकी। हालांकि इसी सीरीज के पहले मैच में भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे, इसके बाद भी मैच जीत लिया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर खत्म हुई लड़ाई!

- आईसीसी ने मानी पाकिस्तान की ये शर्त
- अब ऐसे खेला जाएगा टूर्नामेंट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर भारत और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच पिछले कई समय से विवाद चल रहा था, लेकिन अब इसका हल निकल गया है। दरअसल, ये टूर्नामेंट पाकिस्तान की मेजबानी में खेला जाना है, लेकिन बीसीसीआई ने अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। तब से ही आईसीसी दोनों बोर्ड के बीच बातचीत करवाने में लगा हुआ था। आखिरकार अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 कब और कहां खेली जाएगी, इसका फैसला हो गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने को लेकर आम सहमति बन गई है, जिससे भारत को अपने मैच दुबई में खेलेगा। आईसीसी के एक शीर्ष सूत्र के मुताबिक, दुबई में आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह और पाकिस्तान सहित निदेशक मंडल के बीच एक अनौपचारिक बैठक के दौरान फैसले को कमोबेश आखिरी रूप दिया गया।

आईसीसी सूत्र ने बताया, 'सभी पक्षों ने अपनी सहमति व्यक्त की है कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी यूएई और पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी जबकि भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा. यह सभी हितधारकों के लिए जीत की स्थिति है.'

### आईसीसी ने मानी पाकिस्तान की ये शर्त

हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल के बदले आईसीसी के सामने कुछ शर्तें रखी थीं. आईसीसी ने इनमें से एक शर्त मान ली है. दरअसल, 2027 तक आईसीसी टूर्नामेंट में हाइब्रिड मॉडल का इस्तेमाल किया जाएगा. इस अवधि के दौरान भारत अगले साल अक्टूबर में महिला वनडे वर्ल्ड कप और श्रीलंका के साथ संयुक्त रूप से 2026 पुरुष टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा.



अगर हाइब्रिड मॉडल लागू नहीं होता तब भी पाकिस्तान को 2026 में भारत की यात्रा करने के लिए बाध्य नहीं होना पड़ता.बता दें, पाकिस्तान 2031 तक अपने लिए इस तरह की व्यवस्था की मांग की थी, लेकिन आईसीसी ने 2027 तक अपनी सभी प्रतियोगिताओं के लिए हाइब्रिड मॉडल पर सहमति जताई है. आईसीसी के सूत्र ने कहा, '2026 पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के दौरान पाकिस्तान अपने मैच श्रीलंका में खेलेगा।

चैंपियंस ट्रॉफी के हाइब्रिड मॉडल में आयोजन के कारण पीसीबी की ओर भी मांगे गए मुआवजे पर अब भी विचार किया जा रहा है.' ऐसे में अब आईसीसी जल्द से जल्द शेड्यूल को आखिरी रूप देना चाहेगी, ताकी शेड्यूल का ऐलान किया जा सके.

# भारत अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा

- श्रीलंका को 7 विकेट से हराया
- वैभव ने 67 रन की पारी में 5 छक्के लगाए



**शरजाह, एजेंसी।** अंडर-19 एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हरा दिया है। शारजाह में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने इंडिया को 174 रन का टारगेट दिया। जवाब में भारत ने 21.4 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

वैभव ने सबसे ज्यादा 67 रन बनाए। आयुष म्हात्रे ने 34 रन की पारी खेली। श्रीलंका की तरफ से कप्तान थेवमिका, मनीषा और चामुदिथा ने 1-1 विकेट लिए। कप्तान अमान ने सिक्स लगाकर मैच जिताया। इससे पहले चेतन शर्मा के तीन विकेट की मदद से भारत ने श्रीलंका को 46.2 ओवर में 173 रन पर ऑलआउट कर दिया था। श्रीलंका की तरफ से लैकविन अबेसिंघे ने सबसे ज्यादा 69 रन बनाए। टीम के 6 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। भारत की तरफ से चेतन शर्मा के अलावा किरण चोरमाले और आयुष म्हात्रे को 2-2 विकेट मिला। वहीं युद्धजीत और हार्दिक ने 1-1 विकेट लिए।

चेसः

# गुकेश-लिरेन की 9वीं बाजी ड्रॉ

- सिर्फ राजा बचा रहा लगातार 6 बाजियां बराबरी पर छूटीं, दोनों खिलाड़ी एक-एक मैच जीते

**सिंगापुर, एजेंसी।** वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के फाइनल में गुरुवार को डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन की 9वीं बाजी ड्रॉ रही। यह मैच किंग वर्सेज किंग पर ड्रॉ रहा यानी दोनों खिलाड़ियों के पास राजा का मोहरा बचा रहा। इस मुकाबले में 54 चालों के बाद दोनों खिलाड़ी ड्रॉ पर सहमत हुए। 32 साल के चीन ग्रैंड मास्टर लिरेन ने पहला मुकाबला जीता था, जबकि 18 साल के भारतीय ग्रैंड मास्टर गुकेश तीसरी बाजी अपने नाम की थी। दूसरी, चौथी, पांचवीं, छठी, सातवीं और आठवीं बाजी ड्रॉ रही।

लगातार 6 बाजियां ड्रॉ रहीं। मुकाबले में अब तक 7 बाजियां बराबरी पर छूटीं। 9वीं बाजी ड्रॉ रहने के बाद दोनों खिलाड़ियों के




4.5-4.5 अंक हो गए हैं। चैंपियनशिप जीतने के लिए 7.5 पॉइंट चाहिए। शुक्रवार (6 दिसंबर) को आराम का दिन है। इसके बाद दोनों खिलाड़ी शनिवार को फिर मुकाबला शुरू करेंगे। 25 लाख डॉलर (करीब 21.14 करोड़ रुपए) इनामी चैंपियनशिप में अब सिर्फ 5 मुकाबले बचे हैं। अगर 14 राउंड के बाद भी स्कोर बराबर रहता है, तो विनर तय करने के लिए 'फास्टर टाइम कंट्रोल' के तहत बाजियां होंगी।

किंग वर्सेस किंग ड्रॉ क्या है जब किसी चेस मुकाबले के दौरान चेस बोर्ड में दोनों खिलाड़ियों के राजा ही बचते हैं, तो उसे किंग वर्सेज किंग ड्रॉ कहा जाता है। ऐसी स्थिति में किसी एक खिलाड़ी के जीतने की संभावनाएं नहीं रहती हैं। गुकेश ने कैटालान ओपनिंग की, लिरेन टाइम प्रेशर में दिखे गुकेश ने सफेद मोहरों से कैटालान ओपनिंग की। यहां भी लिरेन ने ओपनिंग से निपटने के लिए काफी समय लिया। पहली 14 चालों में गुकेश ने जहां 15 मिनट लिए। वहीं, लिरेन ने 50 मिनट लगाए।

मैच देखने 10 किलोमीटर पैदल चलते थे

## अब हॉकी इंडिया लीग में छाप छोड़ने को तैयार हैं कप्तान आमिर अली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के 20 वर्षीय कप्तान आमिर अली आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

नीलामी में टीम गोनासिका द्वारा 34 लाख रुपए में खरीदे गए आमिर का भारतीय हॉकी के शीर्ष पर पहुंचना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। लखनऊ में जन्मे और पले-बढ़े आमिर एक



बाइक मैकेनिक के बेटे हैं। उन्होंने स्कूल के बाद अपने पिता की मदद करने और हॉकी के प्रति अपने जुनून को पूरा करने के लिए काम के साथ-साथ कोचिंग के बीच संतुलन बनाए रखा।

पार्ट-टाइम मैकेनिक के रूप में काम करने से लेकर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करने तक का उनका सफर उनके करियर को परिभाषित करने वाली दृढ़ता और समर्पण को दर्शाता है। अपनी यात्रा और हॉकी खिलाड़ी बनने के लिए उन्हें किस बात ने प्रेरित किया, आमिर ने बताया, अपनी किशोरावस्था के दौरान मैं अपने पिता की बाइक मैकेनिक की नौकरी से शर्मिंदगी महसूस करता था, क्योंकि मैं यह समझने के लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं था कि कोई भी काम छोटा नहीं है।

## ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी चेन्नइयन एफसी



**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नइयन एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी शनिवार को शाम 5:00 बजे चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में भिड़ेंगी, तो दोनों टीमों का लक्ष्य जीत से अपने अभियान को मजबूती देना होगा। ईस्ट बंगाल एफसी आठ मैचों में एक जीत, एक ड्रा और छह हार से चार अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर बैठी है। हालांकि ईस्ट बंगाल ने अपने पिछले मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 1-0 हराकर इस सीजन में जीत का स्वाद चखा था। वहीं, चेन्नइयन एफसी 10 मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और चार हार से 12 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। वो लगातार दो हार का सिलसिला खत्म करके जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी।

**चेन्नइयन एफसी को वापसी की तलाश**

कोलकाता क्लबों के खिलाफ रिकॉर्ड- चेन्नइयन एफसी ने कोलकाता के क्लबों के खिलाफ अपने पिछले दो आईएसएल मैच 0-1 के समान स्कोरलाइन से गंवाए हैं, जब वे 26 सितंबर, 2024 को मोहम्मडन एससी से और फिर 30 नवंबर, 2024 को मोहन बागान सुपर जायंट से हारे थे।

शिखर धवन को पैर छूकर किया गया प्रणाम

# नेपाल प्रीमियर लीग में 41 गेंदों की पारी से जिताया मैच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शिखर धवन की टीम में लगातार दो हार के बाद नेपाल प्रीमियर लीग में अपनी जीत का खाता खोल लिया है। टीम करनाली याक्स को मिली पहली जीत की वजह भी शिखर धवन खुद बने, जिन्होंने 41 गेंदों पर सबसे बड़ी पारी खेली। धवन की टीम करनाली याक्स ने 6 दिसंबर को खेले मैच में चितवान राइनोज को हराते हुए लीग में अपनी जीत का खाता खोला। करनाली याक्स की जीत में छाने वाले धवन को इस मैच से एक दिन पहले नेपाल में पैर छूकर प्रणाम भी किया गया था।

धवन के पैर छूने वाला कोई और नहीं बल्कि उनका ही एक फैन था, जिसका हेयरस्टाइल और लुक काफी हद तक उनके ही जैसा था। धवन का बर्थडे 5 सितंबर को था, जिसे नेपाल में उनके फैंस ने धूम-धाम से मनाया। इसी दौरान उनके एक क्रेजी फैन ने पहले तो केक काटा और उन्हें खिलाया, फिर पैर छूकर प्रणाम किया. धवन ने नेपाल में हुए बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो खुद शेयर किया है। मुकाबले की बात करें तो करनाली याक्स ने टॉस जीतकर चितवान राइनोज को पहले बल्लेबाजी के लिए उतारा. धवन की टीम के कप्तान सोमपाल कामी का पहले गेंदबाजी का फैसला रंग लाया. क्योंकि, उनके गेंदबाजों ने सिर्फ 22 रन पर चितवान राइनोज के 3 विकेट गिरा दिए. हालांकि, इसके बाद चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी होती दिखी, जिसने चितवान राइनोज को 82 रन तक पहुंचा दिया. लेकिन उसके बाद फिर कोई ज्यादा बड़ी साझेदारी होती नहीं दिखी. नतीजा ये हुआ कि चितवान का स्कोर 20 ओवर में 7 विकेट पर 130 रन पर थम गया.

### टीम के लिए धवन की पार्टनरशिप

अब करनाली याक्स के सामने 131 रन का लक्ष्य था. शिखर धवन टीम के लिए देव खनाल के साथ ओपनिंग करने उतरे. पहले ही विकेट के लिए दोनों ने मिलकर 53 रन जोड़ दिए. देव के आउट होने के बाद ये साझेदारी टूट गई. मगर धवन एक छोर संभाले खड़े रहे. उन्होंने दूसरे विकेट के लिए भी अर्धशतकीय साझेदारी की, जिसने टीम के स्कोर को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया. शिखर धवन ने 41 गेंदों पर दमदार पारी खेली, जिसमें टीम को जीत का खाता खोलने में मदद की. उन्होंने उन 41 गेंदों पर 1 छक्के और 4 चौके के साथ 45 रन जड़े. इन 45 रनों के साथ धवन मुकाबले में तो टीम के टॉप स्कोरर रहे.

# निक्षय शिविर को सफल बनाने में भागीदारी सुनिश्चित करें: उप मुख्यमंत्री

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर का आयोजन 7 दिसम्बर से

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि टीबी, जिसे कभी लाइलाज माना जाता था, अब सघन और समर्पित प्रयासों से समाप्ति के करीब है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए 7 दिसंबर 2024 से 25 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देना और जन-जागरूकता को ब?ावा देना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अभियान का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वास्थ्य कर्मियों और जनता से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जैसे हमने कोविड महामारी में एकजुट होकर हर व्यक्ति तक जाँच और उपचार सुनिश्चित किया, वैसे ही इन 100 दिनों में हमें टीबी की व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जाँच, उपचार और जन-जागरूकता को सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से आह्वान किया कि पूर्ण समर्पण से अभियान को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दें। उन्होंने आमजन से स्वास्थ्य कर्मियों को सहयोग प्रदान करने की अपील की है ताकि समाज का सशक्त और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

राज्य में क्षय रोग (टी.बी.) के उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान राज्य के 23 उच्च-प्राथमिकता वाले जिलों (नरसिंहपुर, दतिया, सिंगरोली, डिन्डौरी, खण्डवा, कटनी, अनुपपूर, अलिराजपुर जबलपुर, नीमच, रतलाम, मंदसौर, छतरपुर, उज्जैन, सीधी, श्योपुर, बैतूल, छिन्दवाडा, विदिशा, दमोह, मंडला, सीहोर एवं सिवनी) में 7 दिसंबर से प्रारंभ होगा। इस शिविर का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच, और उचित उपचार प्रदान करना है। इस अभियान के अंतर्गत समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उपस्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी/ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र, और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक) के माध्यम से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों और टी.बी. के मरीजों की स्क्रीनिंग एवं जांच की जाएगी। 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर के तहत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से मधुमेह पी?ित, कुपोषित, धूम्रपान करने वाले, शराब सेवन करने वाले, पूर्व टीबी मरीज, संपर्क व्यक्ति और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जाएगी। शिविरों का आयोजन प्रमुख सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे और बस स्टेशनों, सामूहिक स्थानों, छात्रावास, आयुष्मान आरोग्य मंदिर , और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाएगा। नि-क्षय शिविरों का आयोजन कारखानों, उद्योगों, ईंट भट्टों, निर्माण स्थलों, पत्थर क्रशरों और अन्य ऐसे कार्यस्थलों पर भी किया जाएगा, ताकि श्रमिक वर्ग और अन्य संवेदनशील वर्गों तक इस अभियान का लाभ पहुँच सके। पंचायत संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों, स्वसहायता समूहों, जन आरोग्य समिति, महिला आरोग्य समिति, और ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता समिति के साथ मिलकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नए निक्षय मित्रों और टीबी चैंपियंस/विजेताओं की पहचान की जाएगी, ताकि उनकी सहभागिता से अभियान को और गति दी जा सके। त्योहारों और मेलों के दौरान धार्मिक गुरुओं के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे, और स्कूलों और कॉलेजों में कला और सांस्कृतिक गतिविधियाँ, रैलियाँ आयोजित की जाएंगी।

### मुख्यमंत्री वर्चुअली करेंगे अभियान का शुभारंभ

# कलेक्टर ने तीन अधिकारियों को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण न करने पर तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। नोटिस का तीन दिन की समय सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने तहसीलदार जवा राजेन्द्र शुक्ला को ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी न करने तथा नायब तहसीलदार मनिकवार शारदा प्रसाद प्रजापति को निवास प्रमाण पत्र समय में जारी न करने पर नोटिस दिया है। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा राहुल पाण्डेय को विवाह पंजीयन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करने सहित सात आवेदनों के लंबित रहने पर नोटिस दिया है।

# रीवा में 20 केन्द्रों में होगी लोक सेवा आयोग की पात्रता परीक्षा

## रीवा में 15 दिसम्बर को होगी लोक सेवा आयोग की पात्रता परीक्षा

**रीवा**

मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 15 दिसम्बर को राज्य पात्रता परीक्षा 2024 आयोजित की जा रही है। इसके लिए 20 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 8482 आवेदक परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अरूण पाण्डेय को संभागीय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

इस संबंध में परीक्षा प्रभारी तथा संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा के लिए महारानी लक्ष्मीबाई कालेज आफ टेक्नालाजी इटौरा बाईपास, सरस्वती हायर सेकण्डरी स्कूल नेहरू नगर, सरस्वती हायर सेकण्डरी स्कूल निराला नगर, कन्या महाविद्यालय कोठी कंपाउण्ड, शासकीय मॉडल साइंस कालेज, सीक्रेट हार्ट कान्वेंट स्कूल स्टेशन रोड तथा बाल भारती स्कूल सिरमौर चौराहा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह शासकीय मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक एक, मॉडल स्कूल रीवा, पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कालेज करहिया, सीएम राइज पीके स्कूल सिरमौर चौराहा, टीआरएस कालेज, उमादत्त स्मृति हाई स्कूल ढेकहा, गीतांजलि पब्लिक स्कूल सिविल लाइन तथा गवर्मेंट मार्तण्ड स्कूल क्रमांक दो स्टेडियम को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। बीएनपी मेमोरियल स्कूल जेल रोड, गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल गुढ़ चौराहा तथा सरस्वती हायर सेकण्डरी स्कूल धोबिया टंकी को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदन दो दिन में निराकृत करें: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण दो दिवस में निराकृत करें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बिजली बिलों में सुधार के लिए शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराएं। वोल्टेज की समस्या के भी आवेदन प्राथमिकता से निराकृत करें। जिला श्रम पदाधिकारी मजदूरों के पंजीयन के लिए लंबित सभी आवेदन पत्र जनपद कार्यालय में जाकर निराकृत कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी समन्वय बनाकर पंजीयन से जुड़े आवेदन निराकृत कराएं।



कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों में जिनमें राशि जारी हो गई है उनके आवेदन निराकृत कराएं। अपात्र हितग्राहियों के आवेदन की अपात्रता का कारण दर्शाते हुए निराकृत करें। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और निर्माण कार्यों से संबंधित 47 आवेदन पत्र कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा निराकृत करें। सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदनों का व्यक्तिगत रूचि लेकर निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन नहरों में अंतिम बिन्दु तक पानी पहुंचने से संबंधित सभी आवेदनों का निराकरण करें। इस समय नहर में पूरी क्षमता से पानी छोड़े जिससे अंतिम छोर तक पानी पहुंच जाए। समय पर पानी नहीं मिला तो गेंहू की बोनी में देरी होगी।

# जिला योजना समिति की बैठक 14 दिसम्बर को

**रीवा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक 14 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में गत दिनों आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में पारित अनुबंधों की समीक्षा के साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जल जीवन मिशन, विद्युत मण्डल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा की

# मतदाता सूची में जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम जोड़ें : सिंह

**रीवा।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखबीर सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के पुनरीक्षण की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल करें। मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए 13 दिसम्बर तक आवेदन ले सकते हैं। इस अवधि तक सूची में नाम शामिल करने के लिए विशेष प्रयास करें। बीएलओ को प्राप्त आफलाइन आवेदन ऑनलाइन दर्ज कराकर उनका निराकरण करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा




कि जिले और विधानसभा क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात में मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करें। सीधी, उमरिया, गुना, अशोक नगर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ तथा अन्य जिलों में मतदाता प्रतिशत में सुधार करें। जनसंख्या के अनुसार वास्तविक मतदाताओं के नाम शामिल होने पर ही अनुपात में सुधार होगा। ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों से मृतक मतदाताओं की सूची प्राप्त करके उनके नाम मतदाता सूची से पृथक कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सीधी एनआईसी केन्द्र से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी कालेज और हायर सेकण्डरी स्कूलों में बीएलओ जाकर 18 साल से अधिक आयु के विद्यार्थियों के नाम दर्ज कर उनके मतदाता सूची में नाम शामिल करने के आवेदन भरवा रहे हैं। रीवा संभाग के सभी जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

# अवकाश दिवसों में पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं : कलेक्टर

## आयुष्मान समन्वयक की सेवा समाप्ति की कार्यवाही के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिए हैं कि अवकाश दिवसों 7 व 8 दिसम्बर को पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य करें। प्रत्येक जनपद को तीन हजार कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दिए गए लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित कराएं।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि इस अति महत्वपूर्ण कार्य में जिन व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं उनका पंचायतवार डाटाबेस निर्धारित है। कैंप लगाकर स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय से शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करें। इस कार्य में बीएमओ प्रत्येक 10-10 पंचायतों की स्वयं मॉनीटरिंग भी करें। किए गए कार्य कि आगामी सोमवार को होने वाली टीएल बैठक में समीक्षा की जाएगी। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयोजित होने वाले कैंप की मॉनीटरिंग करें तथा प्रत्येक जनपद के लिए दिए गए लक्ष्य को पूरा कराएं। कलेक्टर ने आयुष्मान समन्वयक की सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने तथा कम प्रगति वाले त्योंथर, सिरमौर, रायपुर व जवा के बीएमओ का वेतन आगामी आदेश तक रोकने के निर्देश बैठक में दिए। मोबाइल फोन से घर बैठे बना सकते हैं बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड - आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस संबंध में बताया गया कि रीवा एवं मऊगंज जिले में 70 साल से अधिक आयु के लगभग एक लाख 40 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों एवं संजीवनी केन्द्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम तथा सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। बताया गया है कि घर बैठे भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके लिए बस एन्ड्रायॅड फोन की आवश्यकता होगी। अपने फोन पर आयुष्मान एप डाउनलोड कर लें। इसमें निर्धारित विवरण दर्ज कर दें। आधार कार्ड और समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करने के बाद दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड डाउनलोड हो जाएगा।

# उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन हेतु दल गठित

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से सम्मिलित पात्र परिवारों को वितरण हेतु आवंटित खाद्यान्न, शक्कर एवं नमक के दर्शित स्टाक एवं दुकान में उपलब्ध भौतिक स्टाक का सत्यापन करने के लिये दल गठित किया गया है। कलेक्टर मऊगंज श्री अजय श्रीवास्तव ने हनुमना, मऊगंज व नईगढ़ी तहसील के लिये संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार/नायब तहसीलदार, प्रबंधक सहकारी समिति के अतिरिक्त मुन्नालाल साकेत सहकारिता विस्तार अधिकारी को दल में शामिल किया है। इसके साथ ही हनुमना तहसील के लिये गठित दल में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, मऊगंज के दल में जयराम जाटव तथा नईगढ़ी के दल में अनमोल जैन को भी शामिल किया गया है।

# जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

## मानीटरिंग सेल में विभागीय अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए मानीटरिंग सेल गठित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी /परियोजना अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, अधीक्षण यंत्री म.प्र. पूर्व ओ. वि.वि. कंपनी, सीएमएचओ, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी, प्रबंधक दूर संचार, उप संचालक कृषि, सहायक मत्स्य, उप संचालक पशुपालन, कार्यपालन यंत्री पर्यटन, प्राचार्य पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई तथा जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये मानीटरिंग सेल में शामिल किया है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को अपनी विभागीय योजनाओं का चयनित ग्रामों में क्रिन्वायन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये है। उल्लेखनीय है कि रीवा जिले के 280 ग्रामों का चयन किया जाकर उत्कर्ष अभियान योजना में शामिल किया गया है। सीईओ जनपद से समन्वय कर नोडल अधिकारियों को चयनित रीवा विकासखण्ड के एक, त्योंथर के तीन, रायपुर कर्चुलियान के 4, जवा के 118, सिरमौर के 153 एवं गंगेव के 280 ग्रामों में हितग्राही मूलक/अधोसंरचना से संबंधित कार्य कराये जाने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिये गये हैं।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस आयोजित

**रीवा।** शहीद सैनिकों के शौर्यपूर्ण बलिदान को याद करने तथा उनके परिवार के कल्याण के लिए सक्रिय योगदान करने हेतु सशस्त्र सेना झण्डा दिवस आयोजित किया गया। लेफ्टि. कर्नल (सेवानिवृत्त) पी. गंगा ने बताया कि शहीद सैनिकों के शौर्य और साहस को याद करने और भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं तथा परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए झण्डा दिवस आयोजित किया गया। 7 दिसंबर को अवकाश होने के कारण यह कार्यक्रम आज 6 दिसंबर को आयोजित किया गया। झण्डा दिवस के अवसर पर आईजी एमएस सिरकवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह को झण्डा लगाया गया। इस दौरान उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में सहयोग प्रदान करने की अपील की। श्री पी. गंगा ने बताया कि जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं, कार्यालयों को झण्डे वितरित किये गये हैं ताकि वे अधिक से अधिक राशि का योगदान कर शहीद सैनिकों एवं सेवारत तथा भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं परिजनों को आर्थिक मदद करें।

# मनगवां थाने की मनमानी: न्यायालय ने लिया संज्ञान, निष्पक्ष कार्यवाही हेतु एसपी को दिए निर्देश

## केस डायरी में सफेदा लगाकर छिपाया आरोपी का नाम, अनजाने युवक को बना दिया एनडीपीएस का आरोपी

**विंध्य टाइगर, रीवा।** जिले के मनगवां थाने की मनमानी इन दिनों चरम पर है तथा आए दिन थानाध्यक्ष की लापरवाही के किस्से सामने आते रहते हैं ताजा मामला सामने आया है निर्दोष व्यक्ति को एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही में फंसाने का जिसपर गुरुवार को ? विशेष न्यायालय के द्वारा सुनवाई करते हुए निर्देश युवक को जमानत में रिहा किया गया है साथ ही विशेष न्यायालय ने एसपी रीवा को मामले पर निष्पक्ष कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। इसके पहले विगत ? दिनों मनगवा थाने से मनमानी का एक और मामला भी




सामने आया था जिसमें 90 दिनों के बाद तक थाने से हत्या के केस की डायरी न्यायालय में पेश नहीं की गई थी जिसके बाद लगातार यह दूसरा मामला उजागर हुआ है। दरअसल बीते दिनों मनगवा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत करीब 1 किलो 826 ग्राम गांजे की कार्यवाही की थी जिसमे पुलिस के द्वारा 2 महिलाओं को आरोपी बनाया गया था तथा उक्त केस में तैयार की गई डायरी में इन दोनों आरोपियों के बयान लिखे गए थे थानामनगवां जिसमें उन्होंने अपने किसी तीसरे साथी का नाम उजागर किया था परंतु केस डायरी में उक्त आरोपी का नाम लिखने के बाद भी डायरी में सफेदा यानी व्हाइटनर लगाकर अन्य निर्दोष व्यक्ति के नाम को डाल दिया गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और उसे जेल भेज दिया गया जिसके बाद आरोपी बने निर्दोष व्यक्ति के अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष व्हाइटनर लगी केस डायरी की दलील पेश की और बताया कि उक्त इंसान को बेवजह ही फंसाया जा रहा है तब अधिवक्ता की दलीलों को सही मानते हुए न्यायालय ने एसपी रीवा को निष्पक्ष जांच करने के लिए निर्देशित करते हुए पत्र लिखा है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने किसी तीसरे आरोपी के नाम पर व्हाइटनर लगाते हुए स्थानीय निवासी संदीप जयसवाल को गिरफ्तार कर एनडीपीएस का आरोपी बनाया था जबकि वह घटना क्रम से अंजान है जिस पर न्यायालय ने संदीप जयसवाल को जमानत पर रिहा करते हुए एसपी को मामले की जांच कराने पत्र लिखा है।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833